दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-283 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 25 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना



# चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## कांग्रेस ने याचिका लगाई; केंद्र ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से इनकार किया था



नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(ए) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है कि चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे। इसे बदलकर चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज नियमानुसार पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे कर दिया गया है।अधिकारियों ने बताया था कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगाई गई है। हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकाड्र्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। इसमें सीसीटीवी फुटेज को भी नियम 93(2) के तहत माना गया था। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है।

## किन्नौर में एनएच-5 पर फंसे 20 पर्यटकों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

किन्नौर(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी देखने पहुंचे करीब 20 पर्यटक मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस गए। इन फंसे हुए लोगों को स्थानीय पुलिस ने सोमवार रात करीब 9 बजे कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास अधिक बर्फबारी के कारण मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 20 पर्यटक बर्फबारी में फंसे होने की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस इन लोगों को बचाने के लिए सक्रिय हो गई।पुलिस पोस्ट यांगथांग और चेक पोस्ट चांगो से पुलिस बल कड़ी मशक्कत से मौके पर पहुंचा।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी खजुराहो में करेंगे देश की पहली केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश को देंगे अनेक सौगातें

## देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का करेंगे लोकार्पण

भोपाल (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी करेंगे। देश को नदी जोड़ो की परिकल्पना देने वाले युगदृष्टा स्व. वाजपेयी की जयंती पर यह मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ी सौगात होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी बुधवार को दोपहर 12:10 बजे खजुराहो आयेंगे और दोपहर 2:20 बजे दिल्ली के लिये रवाना होंगे।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से



उपस्थित रहेंगे।

### सिंचाई के साथ पेयजल की सुविधा

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

## कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में भारी बर्फबारी, चारों तरफ बिछी बर्फ की चादर

नईदिल्ली, (आरएनएस)। देश के पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी हो रही है. जिसके चलते तापमान माइनस से नीचे चला गया है. बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है. जिसके चलते दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में ठिठुरन बढ़ गई गई. जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक बर्फबारी हो रही है. हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर भी जमकर हिमताप हो रहा है.बर्फबारी के चलते पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं है. हालांकि कुल्लू-मनाली, रोहतांग और राज्य के ऊपरी इलाकों में हुई बर्फबारी सैलानियों के लिए मुसीबत बन गई है. दरअसल, बर्फबारी के बाद राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है. जिसके चलते सोमवार को मनाली-केलांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को अस्थाई रूप से रोकना पड़ा।

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा हादसा, 150 फीट गहरी खाई में गिरी सेना की गाड़ी, 5 जवानों की मौत



श्रीनगर.(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मेंढर में नियंत्रण रेखा के पास जवानों को ले जा रहा सेना का एक वाहन खाई में गिर गया. सूत्रों ने बताया कि अब तक पांच शव बरामद किए गए हैं और वाहन में सवार कई सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं.भारतीय सेना का यह वाहन पुंछ के मेंढर में 150 फीट गहरी खाई में गिर गया. इस गाड़ी पर कुल 18 जवान सवार थे, जिनमें 6 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ये सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के थे, जो लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) की ओर जा रहे थे. आर्मी ने जवानों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है.सेना के एक आधिकारी ने बताया, 'लगभग 18 सैनिकों को ले जा रहा भारतीय सेना का वाहन पुंछ जिले के बलनोई इलाके में 150 फीट गहरी खाई में गिर गया. कई सैनिक घायल हो गए हैं।

## आरिफ मोहम्मद खान होंगे बिहार के नए राज्यपाल, जनरल वीके सिंह बने मिजोरम के गवर्नर



नई दिल्ली (ए)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के राज्यपाल पद से रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अब हरिबाबू को राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने दो राज्यों के राज्यपाल को भी बदल दिया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया है. पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का गवर्नर बनाया गया है. आरिफ मोहम्मद खान को 6 सितंबर 2019 को केरल का राज्यपाल बनाया गया था. आरिफ मोहम्मद खान कई मुद्दे पर अपनी बात रखते रहे हैं, जिनकी वजह से वो अक्सर खबरों में भी बने रहते हैं. जहां तक ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे की बात है तो माना जा रहा है कि वो राजनीति की मुख्य धारा में वापस लौट सकते हैं. रघुवर दास को 18 अक्टूबर 2023 को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

### इन राज्यों के गवर्नर बदले, इन्हे मिली कमान

राष्ट्रपति भवन ने मिजोरम के गवर्नर हरि बाबू को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। जनरल वीके सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ को केरल का नया गवर्नर बनाया गया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का गवर्नर नियुक्त किया गया है. पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है।

## अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

भोपाल (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार को मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रात: 11 बजे अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ के पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी।

## अब स्कूल में क्रिसमस पर सेंटा क्लॉज बनने से पहले लेने होगी पेरेंट्स की अनुमति

### मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूल व कलेक्टर्स को दिए निर्देश

भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश में 25 दिसंबर यानी बुधवार को क्रिसमस त्योहार से पहले बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एक आदेश दिया है कि ईसाई पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों शामिल करने के लिए स्कूलों को छात्रों के पेरेंट्स से लिखित परमिशन लेनी होगी। बाल आयोग ने कहा कि यह कदम इस वजह से उठाया गया है



ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। दरअसल, क्रिसमस पर स्कूलों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित होते हैं और छात्र सेंटा क्लॉज बनकर आते हैं लेकिन मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है और निर्देश दिया है कि किसी भी स्कूल को क्रिसमस पर्व के दौरान स्टूडेंट्स को सेंटा क्लॉज के रूप में तैयार करने के लिए उनके माता-पिता से लिखित परमिशन लेनी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाल अधिकार संरक्षण आयोग का पत्र अनुराग पांडे ने जारी किया है। इसमें लिखा है कि विभिन्न आयोजनों के अवसर पर स्कूल-संस्था द्वारा चयनित बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग पोशाकें एवं अन्य पात्र बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दस महीनों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

उदयपुर(आरएनएस)। करीब 10 महीने पहले जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र से एक महिला को अगवा कर बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी विक्रत पुत्र अमराराम निवासी जामेला फली पीपला सेवाड़ी, बाली जिला पाली को थाना पुलिस की टीम ने डिटेल कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 10 फरवरी को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 29 दिसम्बर, 2023 को वह घरेलु सामान लेने मालवा का चौरा आई थी। दिन में 02.00 बजे नेशनल हाईवे 27 पीचसी के निकट दो व्यक्ति एक बाइक लेकर आये। दोनों ने उसे रोका और जबरन बाइक पर बैठाने लगे।

## तीसरी आंख




# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी तथा आरोपी के माता पिता को आजीवन कारावास

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कैलाश प्रसाद मरकाम पिपरिया नावालिग पीड़ित बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी अरविंद कतिया को भा.द.सं. की धारा 376;3 366,323ए तथा 342 दोषी पाते हुए 376;3 भादवि मे आजीवन कारावास व कुल 32 सौ रूपये जुर्माना तथा अपराध का दुष्प्रेरण करने वाले आरोपी के पिता अशोक चिचलवार व माँ मीराबाई चिचलवार को धारा 16 17 पॉक्सो एक्ट एवं 368,323,342 भादवि मे दोषी पाते हुएए धारा 16 17 पॉक्सो एक्ट मे आजीवन कारावास व कुल 34.34 सौ रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।शासन की ओर से उपरोक्त मामले मे पैरवी विशेष लोक अभियोजक चौधरी विक्रम सिंह ने की ।

घटना का संक्षिप्त विवरण:

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी नर्मदापुरम लखन भवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना मई 2019 मे पीड़ित बालिका के पिता ने थाना पिपरिया मे इस घटना की रिपोर्ट लिखायी थी कि उसकी उनकी बालिका कही गुम हो गयी है। तथा उसे शक है कि भैरव आईस्क्रीम वाले के यहाॅ काम करने वाला अरविंद ने अपने उसे वहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। पीड़ित बालिका के लगभग 08 माह बाद जनवरी 2020 मे दस्तयाब होने के बाद उसके द्वारा यह बताया गया कि उसे आरोपी अरविंद बहला फुसलाकर होशंगाबाद स्थित उसके घर मे ले गया था तथा होशंगाबाद स्थित घर मे आरोपी अरविंद ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म का अपराध किया था होशंगाबाद स्थित घर मे आरोपी अरविंद के माता पिता भी निवास करते थेए इसके बाद आरोपी पीड़ित बालिका को लेकर भोपाल चला गया था तथा भोपाल के नीलबड़ स्थित किराये के मकान मे आरोपी अरविंद ने उसे लगभग 06 माह तक रखा था तथा वहाॅ भी उसके साथ दुष्कर्म किया था भोपाल के मकान मे 06 माह रहने के पश्चात पुन: पीड़ित बालिका को उसके होशंगाबाद स्थित मकान मे लेकर आया था तथा उस मकान मे भी आरोपी अरविंद ने पीड़ित बालिका के साथ 01 माह की अवधि मे कई बार दुष्कर्म किया था। होशंगाबाद स्थित आरोपी अरविंद के मकान मे पीड़ित बालिका के साथ आरोपी अरविंद के माता पिता ने मारपीट भी की थी पीड़ित बालिका किसी तरह भाग कर सेमरी हरचंद पहुची थी जहाॅ पर उसे उसके रिश्तेदार मिले थे। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष धारा 363, 366, 376/2 एन 342,323 भादवि एवं 5 6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीड़ित बालिका की आयु 16 वर्ष से कम होने के कारण अभियोजन द्वारा मामले मे न्यायालय से निवेदन कर धारा 376;2 का आरोप अभियुक्त अरविंद पर तथा धारा 368 एवं धारा 16,17 पॉक्सो एक्ट के आरोप उसके माता पिता पर विरचित करवाये थे न्यायालय द्वारा अभियोजन प्रस्तुत साक्ष्य तथा तर्को के आधार पर आरोपीगण को विभिन्न धाराओ मे दण्डित करते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

# छप्पन भोग लीला में उमड़े श्रद्धालु



नर्मदापुरम (निप्र) ।वृंदावन से आई रसाचार्य आचार्य फतेह कृष्ण शास्त्री की रासलीला महोत्सव के सप्तम दिवस मंगलवार को छप्पन भोग लीला का दर्शन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। लीला में आज ब्रह्मकुमारी सेलम दीदी रेशम दीदी सोहागपुर के संत प्रकाश मनमोहन मुद्गल और डॉ अतुल सेठा का सम्मान किया गया। लीला में आज पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा गोपाल प्रसाद खड्डुर अखिलेश केश्वरे महेंद्र चौकसे संतोष शर्मा अमीन राईन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।





# राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलायी सुशासन की शपथ

## राजभवन में मनाया गया सुशासन दिवस



भोपाल (निप्र)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सुशासन दिवस के अवसर पर राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को सुशासन शपथ का निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश भी दिए। राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसम्बर की जयंती के परिप्रेक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उचित मानदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केंद्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने और प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के लक्ष्य को पाने के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती जमुना भिड़े, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविन्द पुरोहित और राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और नियुक्तियों की प्रगति की समीक्षा की



भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आईपीएचएस मानकों के अनुरूप कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत पदों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाया जा सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और चिकित्सकीय व सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की पूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माणाधीन कार्यों की सतत निगरानी और समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### 'सांझा उत्सव-2024'' आयोजन 25 से 29 दिसम्बर 2024 तक सोन चिरैया हाट बाजार में

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा आगामी 25 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2024 तक 06 नंबर स्टॉप स्थित सोन चिरैया हाट बाजार में ''सांझा उत्सव-2024'' का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्वसहायता समूह के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय के साथ ही नागरिकों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल की व्यवस्था भी की जाएगी। भारत सरकार द्वारा निर्देशित नवीन दीनदयाल जन आजीविका योजना के तहत पायलेट शहरों में शामिल भोपाल में स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय हेतु मेले का आयोजन ''सांझा उत्सव-2024'' के तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा आगामी 25 दिसम्बर 2024 से 29 दिसम्बर 2024 तक नूतन कॉलेज के सामने 06 नंबर स्टॉप स्थित सोन चिरैया हाट बाजार में किया जाएगा।

# विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमंतु विद्यार्थियों को मुख्य धारा से जोड़ने में देश में तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

### 50 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर बडी-फॉर-स्टडी के लिए चयन, मिलेगी फ्री कोचिंग और स्कॉलरशिप

भोपाल(आरएनएस)।मध्यप्रदेश के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के 50 विद्यार्थियों का केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत संचालित फ्री कोचिंग और स्कॉलरशिप। स्कीम बडी-फॉर-स्टडी'' के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसमें प्रदेश को यह सफलता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और अधिकारियों के अथक प्रयासों से मिली है। मंत्री श्रीमती गौर ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय बोर्ड एवं विकास बोर्ड की सीड परियोजना में आवास, आजीविका, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विभाग में पहली बार समुदाय के विद्यार्थियों की कोचिंग बडी-फॉर-स्टडी'' के माध्यम से संचालित की जा रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी के मार्गदर्शन में 11 नवंबर को राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इसमें जिलों में तैनात सहायक संचालकों को बडी-फॉर-स्टडी के प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ ही बताया गया कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को किस तरह आवेदन कराया जाएगा। जिलों में तैनात अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इस राष्ट्रीय स्तर की नि:शुल्क कोचिंग योजना के लिये बडी-फॉर-स्टडी'' पोर्टल पर आवेदन कराया गया।



*तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने CRISP का भ्रमण कर, प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया।*

# पीएमजीएसवाय योजना ग्रामीण विकास के लिए वरदान : मंत्री श्री पटेल

## म.प्र., ग्रीन टेक्नोलॉजी से सड़क निर्माण करने में अग्रणी राज्य बनेगा

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता एवं आगामी कार्य योजना पर विशेष कार्यक्रम आयोजित





भोपाल (निप्र)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में ऐसी तकनीको का प्रयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे प्रकृति संरक्षण और समावेशी विकास हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सड़कों के निर्माण में ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगुआई करने वाला राज्य बनेगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तीनों चरणों में उत्कृष्ट कार्य किया है, चौथे चरण में भी बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में योजना के सभी लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण होंगे। मंत्री श्री पटेल मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता 2000-2024 एवं आगामी कार्य योजना पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण दीपक आर्य उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत की। यह योजना से ग्रामीण विकास के लिए वरदान साबित हुई। उनकी जनशताब्दी पर योजना ने 25 वर्ष पूर्ण कर लिए है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में जिस तरह रीढ़ की हड्डी है, उसी तरह ग्रामीण सड़कों ने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। मध्यप्रदेश ने योजना के प्रारंभ से ही उल्लेखनीय कार्य किए गए है। एमपीआरआरडीए के नवाचार ई-मार्ग, संवेग की सराहना केंद्र सरकार द्वारा की गई है, यह विशेष उपलब्धि है। प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत बनाई गई 77 सड़कों का संधारण महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, यह अत्यंत सराहनीय है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य में 10 हजार किलोमीटर के अधिक सड़कें वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कर बनाई गई है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री पटेल कहा कि जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भी इस योजना ने किया है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में सड़कों के बनने से सरकार की पहुंच बढ़ी है। उन्होंने बताया कि कैसे नरसिंहपुर जिले के जनजातीय गांव बमनी तक सड़क बनने से शेष गांव भी लाभान्वित हुए।

# कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

## पटवारी बोले-भाजपा संविधान और अंबेडकर विरोधी पार्टी



भोपाल (ए.) । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। भोपाल में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, विधायक आरिफ मसूद, आतिफ अकील समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। अन्य जिलों में लोकल नेताओं ने इसका नेतृत्व किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा- बीजेपी संविधान विरोधी, दलित विरोधी और अंबेडकर विरोधी है। अमित शाह ने जो कहा, वो उनकी सोच को प्रदर्शित करता है। आरएसएस ने 50 साल तक देश का झंडा अपने मुख्यालय पर नहीं लगाया। भाजपा के लोग बार-बार बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को समाप्त करने की बात मुखरता से कह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी इसकी निंदा करती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा लिया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से माफी मांगें। दूसरी तरफ, शाह की टिप्पणी के विरोध में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। कलेक्टर कार्यालय पर धरना देने के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के घर लोकायुक्त छापा मामला

भोपाल (आरएनएस)। आरटीओ के कांस्टेबल रहे सौरभ शर्मा के यहां हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए लोकायुक्त की टीम ने बताया कि सौरभ शर्मा और चेतन गौर को आरोपी तय किया है.इनके ठिकानों पर हुई छापा मार कार्यवाही में लगभग 8000 करोड रुपए की संपत्ति बरामद हुई है.सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर को सम्मन जारी कर दिया गया है.लोकायुक्त को अभी भी जानकारी नहीं कि सौरभ है कहाँ, उसकी तलाश की जा रही है. इस मामले में हवाला के एंगल से जांच की जा सकती है।

## शहरी गरीबों को आजीविका का साधन दिलाने के लिये 9318 स्वसहायता समूहों का गठन

### 3581 स्वसहायता समूहों का बैंक लिंकेज कर 81 करोड़ रुपये का वितरण

भोपाल (निप्र)। प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के गरीबों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिये नगरीय निकाय बैंकों के साथ मिलकर स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में 9318 स्व-सहायता समूहों का गठन कर 9000 से अधिक शहरी गरीब परिवारों को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूती देने के लिये 642 एरिया लेवल फेडरेशन का गठन और 34 सिटी लेवल फेडरेशन का गठन किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 6720 स्व-सहायता समूहों को आवर्ती निधि राशि के रूप में करीब 6 करोड़ 75 लाख रूपये की राशि प्रदाय की है। स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत व्यक्तिगण ऋण में 5723 हितग्राहियों को लगभग 77 करोड़ रूपये और समूहगत ऋण के रूप में 396 स्व-सहायता समूहों को 11 करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। प्रदेश में शहरी क्षेत्र के 3581 स्व-सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कर 21 करोड़ 50 लाख रूपये का ऋण बैंकों के माध्यम से वितरित किया गया है। शहरी स्व-सहायता समूहों को नगरीय विकास विभाग और अन्य केन्द्रीय योजनाएं जिनमें अमृत 2.0 में अमृत मित्र के रूप में जोड़ा गया है। स्व-सहायता समूह के सदस्य जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सेनीटेशन जैसी गतिविधियों में भी मदद कर रहे हैं।

## सियागहन से मांगरोल मार्ग पर हुई दुर्घटना में लापरवाही पर लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारी निलंबित

### कलेक्टर द्वारा तीनो मृतकों के परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

भोपाल (निप्र)। संभाग बुधनी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सियागहन से मांगरोल मार्ग पर निर्माणाधीन बाक्स कल्वर्ट के निर्माण कार्य के दौरान पूर्व से निर्मित दीवार के अचानक गिरने से चार मजदूर उसमे दब गये प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और एक मजदूर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती है।कलेक्टर द्वारा तीनो मृतकों के परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। प्रारंभिक जांच में कार्य स्थल पर पर्यवेक्षण में लापरवाही पाई गई। मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधानों के तहत लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी एस.के. जैन और उपयंत्री आर.पी. सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# इक़बाल मैदान पर धारा 144 हटाने की माँग:

# विरासत-ए-भोपाल मंच ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन




मोहम्मद उवैस रहमानी

भोपाल । भोपाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने के उद्देश्य से विरासत-ए-भोपाल मंच ने आज इक़बाल मैदान से धारा 144 हटाने की माँग को लेकर जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच के वरिष्ठ सदस्यों, नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**इक़बाल मैदान का महत्व:-**

मंच के संयोजक मोहीसिन अली खान ने इक़बाल मैदान को भोपाल की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बताया। उन्होंने कहा, "इक़बाल मैदान केवल एक स्थान नहीं है, बल्कि यह भोपाल की ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। इसे पुन: आम जनता के लिए खोलना हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने के लिए आवश्यक है।"

**माँग और अपील:-**

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि इक़बाल मैदान वर्षों से सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र रहा है। धारा 144 लगाए जाने के बाद यह स्थान आम जनता की पहुँच से बाहर हो गया है, जो भोपाल की विरासत के साथ अन्याय है।

ज्ञापन के माध्यम से मंच ने जिलाधीश से अपील की कि धारा 144 को तत्काल हटाकर इक़बाल मैदान को पुन: जनता के लिए खोला जाए, ताकि यह स्थान अपनी पुरानी गरिमा और महत्व को पुन: प्राप्त कर सके।

**सामाजिक जागरूकता:-**

विरासत-ए-भोपाल मंच के इस प्रयास को शहरवासियों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह अभियान न केवल इक़बाल मैदान की बहाली के लिए है, बल्कि भोपाल की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

### जहांगीराबाद में दो पक्षों के बीच विवाद, एक-दूसरे पर किया पथराव, महिलाओ ने भी तलवारें लहराई

भोपाल (ए)। राजधानी क जहांगीराबाद थाना इलाके में मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा की उनके बीच पथराव शुरु हो गया। इस दौरान कई लोगों ने तलवारे लहराते हुए वाहनो में तोड़फोड़ कर दी। उपद्रव की सूचना मिलते ही आाल अफसरो सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियत्रंण में किया। पथराव में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगो के घायल होने की सूचना हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पुरानी गल्ला मंडी के सरकारपुरा में दो दिन पहले तेज वाहन चलाने को लेकर दो दिन पहले दो युवकों के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमे एक युवक के सीने पर चाकू लग गया था। इस मामले मे पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ मामला कायम करते हुए तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दो आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी के मोहल्ले मे नजर आने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव करना शुरु कर दिया और बाद में धारदार हथियार सहित तलवारे भी लहराई।

# अवैध हथियारों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पुलिस की लगातार कार्रवाही जारी

### धार, खरगोन और छतरपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा

### विगत एक माह में 122 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद

भोपाल, (निप्र)।पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इन निर्देशों के परिपालन में धार, खरगोन और छतरपुर जिलों में पुलिस ने हाल ही में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने इन जिलों में कार्रवाही कर विगत एक माह में 122 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इन आरोपियों से 24 देशी पिस्टल एवं 23 देशी कट्टे, 47 अवैध फायर आर्म्स, 02 मैग्जीन, 118 कारतूस जप्त किए हैं।

**जिलो द्वारा की गई कार्रवाही**

खरगौन : खरगौन पुलिस टीम ने विगत एक माह में 24 पिस्टल, 7 देशी कट्टे, 6 अवैध फायर आर्म्स तथा दो कारतूस सहित 12 आरोपियों को पकड़ा है। धार पुलिस ने हथियार (पिस्टल, देशी कट्टे व कारतुस) बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश देकर 16 देशी 12 बोर के कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 मैग्जीन, दो जिन्दा कारतूस और हथियार निर्माण के भारी मात्रा में उपकरण जप्त किये हैं तथा चार सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। छतरपुर : इसी प्रकार छतरपुर पुलिस ने विगत एक माह में कार्रवाही कर 41 आग्नेय शस्त्र तथा 116 कारतूस के साथ 106 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सिर्फ हथियार बरामदगी तक सीमित न रहते हुए आदतन अपराधियों के विरुद्ध और रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) जैसी सख्त धाराओं में कार्रवाही की है। साथ ही, पुलिस अपराध में लिप्त लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी प्रयासरत है।

साथ ही, पुलिस द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समुदाय के लोगों को अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इस तरह की पहल न केवल अपराधों पर लगाम लगाएगी, बल्कि समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक होगी।

## तीन बत्ती चौराहा क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

देवास (आरएनएस)। हनुमान अष्टमी पर निकली प्रभात फेरी में वार्ड 39 में स्थित तीन बत्ती चौराहा क्षेत्र में नालियों का गंदा पानी सड़क पर आने के कारण प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं की धार्मिक भवनाओं को ठेस पहुंची। इसके दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपनी हदों से आगे आकर नालियों पर किए गए ओटलों के अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। नालियों पर ओटलों के पक्के अतिक्रमण के कारण क्षेत्र में नालियो की सफाई करने में कर्मचारियों को परेशानी होती थी तथा गंदा पानी सड़कों पर आ जाने से आम नागरिकों को भी परेशानी होती थी। निगम द्वारा 23 दिसंबर सोमवार को उक्त क्षेत्र के ओटलों के अतिक्रमणों को हटाया गया तथा क्षेत्र की दुकानों के मालिकों को सख्त हिदायत दी है कि वे अतिक्रमण नहीं करें।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई भागवत कथा

देवास (आरएनएस)। भट्ट बावड़ी स्थित सूर्य विजय हनुमान मंदिर में सोमवार से श्रीमद भागवत गीता पारायण पाठ प्रारंभ हुआ। कथा वाचन आचार्य सुभाष शर्मा कर रहे हैं। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया।कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। सरदार पटेल मार्ग से होते हुए सुतार बाखल कलश यात्रा पहुंची। यहां भक्तों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। कलश यात्रा में भक्तों ने भाव-विभोर होकर भजनों पर नृत्य किया। कलश यात्रा एमजी रोड से होते हुए भट्ट बावड़ी सूर्य विजय हनुमान मंदिर पहुंची। आयोजन सरोज गिरधर त्रिवेदी द्वारा किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा 29 दिसंबर तक होगी।

## शिवना मैया महाआरती 25 दिसम्बर शाम 6:30 बजे शिवना घाट पर

मंदसौर (आरएनएस)। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग विजेंद्र डोडवे द्वारा बताया गया कि, भगवान पशुपतिनाथ मंदिर घाट पर शिवना मैया की महाआरती का आयोजन दिनांक 25 दिसम्बर बुधवार संध्या 6:30 बजे बनारस से होने वाली गंगा आरती की तर्ज पर किया जाएगा। आरती के साथ ही घाट पर दीप प्रज्वलन, लाइट शो, लैंप उड़ाना आदि आयोजन शामिल रहेंगे।आप सभी इस आयोजन में शामिल होकर दीप जलाकर, लैंप उड़ाकर, लाइट शो, महाआरती आदि में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## फैक्ट्री में लगी भीषण आग, आसमान में छाया धुएं का गुबार

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलने लगी। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल दमकलकर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। यह घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र की है। इंदौर के सांवेर रोड पर स्थित पुष्टा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की चिंगारी पास की फैक्ट्री तक जा पहुंची। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। तत्काल दमकल विभाग को जानकारी दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के एसपी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद है। बताया जा रहा है कि आग लगे 1 घंटे से अधिक का समय हो चुका है। दमकलकर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे है। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। इस घटना में कितना नुकसान हुआ है, जांच के बाद ही इन सभी सवालों का खुलासा हो सकेगा।

# स्व- सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बने आत्म निर्भर : मंत्री श्री चौहान

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर हम सुशासन का लें संकल्प



उमरिया (आरएनएस)। अनुसूचित जाति कल्याण एवं उमरिया जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन कर विकास के नए आयाम से जोड़ने का काम किया। देश के विकास को गति प्रदान की। आइए हम सब स्व. वाजपेयी की जन शताब्दी के अवसर पर सुशासन का संकल्प लें। किसान, गरीब, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए नए संकल्प के साथ जुड़े। मंत्री श्री चौहान मंगलवार को उमरिया जिले की पाली नगर पालिका में जन कल्याण शिविर को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पाली श्रीमती शंकुतला प्रधान सहित जनप्रतिनिधि , शासकीय अधिकारी, पार्षद, नागरिक उपस्थित थे। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. वाजपेयी ने भारत का ही नहीं विश्व का मार्गदर्शन किया तथा भारत की छवि को दुनिया के नक्शे में उभारने का काम किया। उनके द्वारा किये गए कार्यों एवं नीतियाँ के कारण आज देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बने। जिले में 35 हजार स्व सहायता समूह गठित है जिनसे जुड़कर महिलाएं कृषि, पशु पालन, सब्जी उत्पादन, मनिहारी, पेंटिंग्स बनाने, सिलाई, किराना दुकान जैसी गतिविधियां संचालित कर रही है। मंत्री श्री चौहान ने जन कल्याण शिविर में राजस्व, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के सैकड़ो हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र के 2 करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मंत्री श्री चौहान ने पाली स्थित मां बिरासनी के दर्शन किए और प्रदेश की समृद्धि तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।

## छेड़छाड़ संबंधी मामले में 8 माह से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

देवास (आरएनएस) थाना कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ संबंधी मामले में लगभग 8 माह से फरार गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने 1 नवंबर से संपूर्ण जिले में ऑपरेशन हवालात की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली के द्वारा संबंधी प्रकरण में धारा 354, 354(क), 324, 506 भादवि 7/8 पॉक्सो एक्ट के उक्त प्रकरण में गजरा गियर्स देवास निवासी गणेश पिता लालूराम सावनेर 8 माह से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली अजय गुर्जर के नेतृत्व में ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष टीम गठित की थी, जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रत्यनशील थी। 23 दिसंबर को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार गिरफ्तारी वारंटी को जिला देवास में देखा गया है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। उक्त टीम ने सफलतापूर्वक फरार गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

चलती बाइक पर रोमांसः

## कपल ने अंधेरी रात में बेशर्मी की हदें की पार, वीडियो वायरल

छतरपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में सोशल मीडिया मे एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जिसमें एक कपल रात के अंधेरे में बाइक पर फिल्मी स्टाइल पर स्टंटबाजी करते हुए इश्क फरमा रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बाइक पर कपल रोमांस कर रहें हैं। प्रेमी जोड़े का बाइक पर स्टंटबाजी कर रोमांस करते वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वारयल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक यह वीडियो नेशनल हाईवे 39 का बताया जा रहा है। जिसमे बाइक पर कपल अश्लील हरकत करता दिखाई दे रहा है। मोटरसाइकिल पर स्टंटबाजी से बड़ा हादसा भी हो सकता था। लेकिन प्रेमी जोड़े को इसकी परवाह कहां हैं, वो तो रील बनवाने में मस्त दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों कपल किस तरह से यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अब देखना होगा कि इस वीडियो के आधार पर यातायात पुलिस इन पर क्या कार्रवाई करती है। हालांकि बाइक पर इश्कबाजी फरमाते का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी मध्य प्रदेश समेत देश के अलग अलग इलाके से इस तरह की खबरें सामने आ चुकी है। बावजूद लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

## समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आवासीय कार्यशाला का समापन



झाबुआ (आरएनएस)। कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आवासीय कार्यशाला का समापन किया गया। कलेक्टर नेहा मीना का स्वागत जिला समन्वयक भीम सिंह डामोर ने किया। स्वागत भाषण देते हुए आपने प्रशिक्षण के सभी सत्रों और विषय के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना ने अपने संबोधन में कहा कि आप हमारे प्रतिनिधि के रूप में गांव में एक संस्था के रूप में काम करें। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के हर कार्यकर्ता में समाज सेवा का जुनून होता है। आपने यहां पर इस प्रशिक्षण के हर पहलू को अच्छे से सीखा है। सभी नवांकुर संस्था को बधाई। कलेक्टर ने इस दौरान सभी नवांकुर को प्रमाण पत्र भी वितरण किये।

प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला समन्वयक जिला पंचायत झाबुआ से मुकेश चौहान ने विस्तार से बताते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। अशोक पाटीदार ने प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए उसके बेस लाइन सर्वे एवं जल संरक्षण के लिए उपयोगिता बताते हुए सभी को प्रशिक्षण दिया।

### सड़क हादसे में मालवाहक चालक की मौतः डोडाचूरा से भरा वाहन पलटा, क्रेन से निकाला चालक का शव

नीमच (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने के कारण आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क हादसों में असमय लोगों की मौतें भी हो रही है। ताजा मामला नीमच जिले का है जहां सड़क हादसे में मालवाहक वाहन चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। दरअसल मामला जावद थाना क्षेत्र के ग्राम खोर का है, जहां देर रात डोडाचूरा से भरा हुआ पिकअप मालवाहक वाहन टर्न लेने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में वाहनचालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पता चला कि वाहन में बड़ी मात्रा में डोडाचूरा भरा हुआ था। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस। हादसा इतना भयानक था कि चालक वाहन में ही फंस गया था।

## एसपी ने सीएम राइस स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरुक

शिवपुरी (आरएनएस)। शिवपुरी में यातायात सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन पर पुलिस लोगों से चर्चा कर जागरूक कर रही है। इस अभियान के तहत स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत एसपी अमन सिंह राठौड़ भी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों से चर्चा कर रहे हैं।इसी क्रम में सोमवार को एसपी अमन ने बदरवास में स्थित सीएम राइस स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचने के लिए स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को समझाते हुए हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना, तीन सवारी न चलना और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने पर जोड़ दिया।

व्यापार समाचार

# पेटीएम मनी ने लॉन्च किया पे लेटर, निवेशकों को मिलेगा लो-कॉस्ट ट्रेडिंग का विकल्प

जयपुर (आरएनएस)। भारत के घरेलू वेल्थ टेक ऐप पेटीएम मनी ने पे लेटर मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी शुरू की है, जिससे निवेशक कुल मूल्य का केवल एक अंश अग्रिम भुगतान करके स्टॉक खरीद और उसमें निवेश कर सकते हैं। प्लेटफ़ॉर्म बाकी राशि का भुगतान करेगा और पे लेटर (एमटीएफ) के ज़रिए इसे एग्जीक्यूट किया जाएगा जिस पर हर महीने 1त्न का इंट्रोडक्ट्री इंटरेस्ट लगेगा।

यह निवेशकों की बाजार के अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता को बढ़ाता है और यह सुनिश्चित करता है कि निवेशक केवल उन फंडों के लिए भुगतान करें जिनका वो असल में इस्तेमाल करते हैं। पेटीएम मनी पर पे लेटर (एमटीएफ) की शुरुआत से ट्रेडर्स और निवेशकों को फायदा होगा, क्योंकि इससे ट्रेडिंग ज़्यादा आसान और लचीली हो जाएगी, खासकर उन लोगों के लिए जो पूरी पूंजी लगाए बिना शेयर बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते हैं। इसके अलावा, यह शेयर बाजार में भागीदारी को लोकतांत्रिक बनाता है, जिससे देश भर के खुदरा निवेशकों के लिए यह आसान और अधिक किफायती हो जाता है। एक आसान अनुभव प्रदान करने के अपने कमिटमेंट के हिस्से के रूप में, पेटीएम मनी ने पे लेटर (एमटीएफ) की एक्टिवेशन प्रक्रिया को सरल और यूज़र-फ्रेंडली बनाया है। निवेशक सीधे अपनी अकाउंट सेटिंग के ज़रिए कुछ ही मिनटों में पे लेटर (एमटीएफ) को आसानी से एक्टिवेट कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स किसी ऐसे स्टॉक, जिनके लिए वो योग्य है का ऑर्डर देते समय मार्जिन विकल्प का चुनाव करके और ऑर्डर पेज पर नियमों और



शर्तों से सहमत होकर पे लेटर (एमटीएफ) को एक्टिवेट कर सकते हैं।

पेटीएम मनी के एमडी और सीईओ राकेश सिंह ने कहा, हम निवेश को आसान बनाने और वित्तीय पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी पे लेटर (मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी) निवेशकों की खरीदने की शक्ति को बढ़ाती है, खासकर उन लोगों की जो बिना पूरी पूंजी लगाए शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाना चाहते हैं। यह पहल वित्तीय विकास को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे शेयर बाजार में निवेश ज़्यादा किफायती और बड़े पैमाने पर लोगों के लिए उपलब्ध हो सकें।


इस प्लेटफॉर्म ने सीमित समय के लिए 1त्न प्रति माह की किफायती ब्याज दर शुरू की है, जो 31 मार्च 2025 तक वैध रहेगी। तकरीबन 1,000 एमटीएफ- इनेबल्ड स्टॉक और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों (कॉम्पिटिव इंटरेस्ट रेट) के साथ, यह व्यापारियों और निवेशकों को कम पैसों के साथ अपने निवेश के मौकों को ऑप्टिमाइज़ (अनुकूलित) करने में सक्षम बनाएगा। पेटीएम मनी 'मार्जिन प्लेज' भी देता है जिसके ज़रिए व्यापारी अपने स्टॉक होल्डिंग्स का इस्तेमाल अपने ट्रेडों के लिए लीवरेज प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।

पे लेटर (एमटीएफ) के साथ, व्यापारियों के पास लीवरेज की शक्ति का इस्तेमाल करने की एक और सुविधा है। इसने अपनी सेवाओं की व्यापक रेंज को भी विस्तार दिया है जिसमें बीएसई फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (बीएसई एफ एंड ओ) ट्रेडिंग सेवा का शुभारंभ शामिल है, जो व्यापारियों को सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट्स का ट्रेड करने का विकल्प देता है उल्लेखनीय रूप से, पेटीएम मनी ने हाल ही में निवेश को आसान बनाने और उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक बड़े बदलाव के साथ एक नया डिज़ाइन किया गया ऐप लॉन्च किया है। नए सिरे से बनाए गए ऐप में एक सहज इंटरफ़ेस, पर्सनल डैशबोर्ड और हर कदम पर निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए स्मार्ट टूल हैं। बेहतर पोर्टफोलियो अंतर्दृष्टि, बेहतर ट्रांजेक्शन फ्लो और स्टॉक व एफ एंड ओ ट्रेडिंग के लिए कार्रवाई योग्य डैशबोर्ड के साथ, नया ऐप मॉर्डन निवेशकों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करता है। यहां देखिए कैसे यूजर्स कुछ आसान क्लिक के साथ पे लेटर (एमटीएफ) को एक्टिवेट कर सकता हैं।

## देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या हुई 25,202

नई दिल्ली (ए.)। देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या 25,202 हो गई है। देश में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जर की संख्या अब 25,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। देश के भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि कर्नाटक 5,765 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 स्टेशनों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 1,989 स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 29 सितंबर 2024 को पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को नोटिफाई किया था, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करना और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इस योजना के लिए दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपये सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं।

## भारत में हर साल खुल रहे 30 मिलियन नए डीमैट खाते, हर 4 में से एक महिला निवेशक




नई दिल्ली ,(आरएनएस)। एसबीआई रिसर्च ने सोमवार को कहा कि भारत में 2021 से हर साल कम से कम 30 मिलियन नए डीमैट खाते खुल रहे हैं और लगभग हर चार में से एक अब महिला निवेशक है। यह बचत के वित्तीयकरण के चैनल के रूप में पूंजी बाजार का उपयोग करने के बढ़ते प्रचलन को दर्शाता है।भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में देश में कुल डीमैट खाते 150 मिलियन (जिनमें से 92 मिलियन एनएसई पर यूनिक इंवेस्टर्स हैं) को पार कर गए, जबकि वित्त वर्ष 2014 में यह संख्या मात्र 22 मिलियन थी।एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ.सौम्या कांति घोष ने कहा, इस साल नए डीमैट खातों की संख्या 40 मिलियन का आंकड़ा पार कर सकती है।उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों को छोड़कर, वित्त वर्ष 2022 की तुलना में वित्त वर्ष 2025 में महिलाओं की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से अधिक बढ़ी है।वित्त वर्ष 2025 में कुल डीमैट में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में दिल्ली 29.8 प्रतिशत, महाराष्ट्र 27.7 प्रतिशत, तमिलनाडु 27.5 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पूरे राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा औसत 23.9 प्रतिशत पर है।

## सर्वेयान के ड्रोन समाधान से माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की 1,000 परियोजनाओं में सहयोग

बेंगलुरु (आरएनएस)। निब्रस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड सर्वेयान इस ब्रांड के तहत जो ड्रोन निर्माण में अग्रणी और नामी फोटोग्रामेट्री सॉफ्टवेयर के डेवलपर है, जिनकी इनोवेटिव ड्रोन तकनीक भारतीय मायनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में क्रांति लाने जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा में किए गए प्रभावशाली सर्वेक्षण में यह दिखा है कि ग्राहकों की मांग बढ़ती जा रही है, क्योंकि वहां पर बड़े पैमाने पर संचालन, पर्यावरण निगरानी और नियामक अनुपालन के लिए ड्रोन को अपनाया जा रहा है। भारतीय खनन (मायनिंग) क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 2% हिस्सा है। राजस्थान भारत का तीसरा सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य है। राज्य ष्ठस्न द्वारा ड्रोन नीतियों ने सर्वेयान इकोसिस्टम जैसे व्यवसायों को उन्नत समाधान पाने के लिए प्रेरित किया है। अकेले राजस्थान में, सर्वेयान 2.8 लाख एकड़ से अधिक भूमि का सर्वेक्षण करके 25 से अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने में सक्षम रहा है, जिससे मायनिंग ऑपरेशन और लैंड मैनेजमेंट में कई गुना सुधार हुआ है। सर्वेयान का प्रभाव मध्य प्रदेश और ओडिशा तक फैला हुआ है, जहाँ कंपनी के ड्रोन हज़ारों एकड़ में इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र और प्राकृतिक नेचुरल रिसोर्सेस) का मैपिंग कर रहे हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की गिरावट के बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने के कारण आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 67.30 अंक करीब 0.09 फीसदी नीचे आकर 78,472.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 25.80 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 23,727.65 पर बंद हुआ। मंथली एक्सपायरी के दिन निफ्टी बैंक 84 अंक गिरकर 51,233 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर पावर ग्रिड कॉर्प, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाइटन कंपनी और एसबीआई के शेयर नीचे आये। वहीं टाटा मोटर्स, अडानी एंटरप्राइजेज, आयशर मोटर्स, बीपीसीएल और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे।

सेक्टरों में वाहन, उपलभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी), तेल एवं गैस में खरीदारी देखी गई, जबकि आईटी, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक में बिकवाली हावी रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स सपाट ,जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.3 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ।बाजार जानाकरों के अनुसार धीमी शुरुआत के बाद निफ्टी वाहन और आईटी कंपनियों के कारण ऊपर आने लगा पर तभी कई कारण से उसपर अंकुश लग गया। ऑटो और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही। जहां मिडकैप्स ऊपर आये। स्मॉलकैप्स का प्रदर्शन भी अच्छा रहा और वह बढ़त पर बंद हुआ। आज ऑटो शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी देखने को मिली। जबकि मेटलऔर पीएसयू बैंक इंडेक्सों में ऊपरी स्तरों पर इंट्राडे मुनाफावसूली हुई। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो डाओ फ्यूचर्स और निक्केई भी सुस्त दिखाई दिए। कल की तेजी में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने स्टॉक फ्यूचर्स में 6500 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीदारी की। घरेलू कोषों ने भी 2200 करोड़ से ज्यादा के शेयर खरीदे। अमेरिकी बाजार संभलकर दिन की ऊंचाई के पास बंद हुए।

## गोदरेज एग्रोवेट ने भारतीय किसानों का हाथ थामने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

मुंबई (आरएनएस)। भारत की अग्रणी विविधीकृत कृषि व्यवसाय कंपनियों में से एक गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने किसान दिवस 2024 के अवसर पर एक ब्रांड फिल्म पेश की है। सिड्सऑफगुडनेस नाम से बनाई गई इस फिल्म के जरिए किसानों के साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कंपनी देश में लगातार बदलती जलवायु और कृषि परिस्थितियों की चुनौतियों को रेखांकित किया है। यह फिल्म किसानों का सहयोग करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराती है।

गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप की कॉर्पोरेट ब्रांड और कम्युनिकेशंस टीम ने क्रिएटिवलैंड एशिया के साथ मिलकर इस फिल्म की परिकल्पना की है और इसका फिल्मांकन किया है। सिड्सऑफगुडनेस फिल्म में गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड द्वारा किसानों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए उठाए जा रहे विभिन्न ऑन-फील्ड प्रयासों को दिखाया गया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बलराम सिंह यादव ने कहा- आज, बढ़ते तापमान और अनिश्चित मौसम पैटर्न, जैसे कि मौसमी और लंबे समय तक होनेवाली बेमौसम बारिश, सीधे तौर पर हमारे भारतीय किसानों, जो कि देश के लिए फसलों का उत्पादन करते हैं, उनकी उपज और आय को प्रभावित करती है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक की सरकारें ऑफिस कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और उन पर अमल के निरीक्षण की तैयारी में हैं। यह कदम अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की एक युवा कर्मचारी की मौत के बाद उठाया जा रहा है। तब उस मौत का कारण काम का अत्यधिक दबाव बताया था। भारत में वाइट-कॉलर यानी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के नियम लगभग ना के बराबर हैं। उदारीकरण के दौर में, जब कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए कॉस्ट कटिंग की पॉलिसी अपना ही है, तब कम कर्मचारियों से अधिक काम लेना आम चलन बन गया है। जो कर्मचारी इसमें पिछड़ते हैं, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाती है।

अनियमित घंटों तक काम और मनमानी बर्खास्तगी आज वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या है। इसका बहुत खराब असर खासकर युवा कर्मियों पर पड़ा है। ईवाई कर्मचारी की मौत के बाद ये सारे मुद्दे बहुचर्चित हुए थे। उसका प्रभाव सरकारों पर पड़ा है। कर्नाटक में अधिकारियों ने निजी कंपनियों में ऑफिस में कामकाज की स्थिति की जांच शुरू की है। महाराष्ट्र में भी एक ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन है। बताया गया है कि प्रस्तावित नियम कंपनियों में नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रियाओं की विनियमित नियंत्रित करेगा। इसमें सभी कॉरपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उनमें मैनेजर स्तर स्टाफ भी शामिल होंगे। कर्नाटक के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों की अत्यधिक काम की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। यह तथ्य है कि भारत में युवा आत्म-हत्या के मामले बढ़े हैं। किशोरों और युवाओं के बीच मृत्यु का चौथा सबसे प्रमुख कारण कामकाज का बढ़ा दबाव है। बेशक ये आंकड़े भारत में मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में बढ़ते तनाव का संकेत हैं। बहरहाल, अहम सवाल है कि क्या कानून या विनियम लागू करने से ऐसी समस्याओं का समाधान हो सकता है? वाइट कॉलर हों या ब्लू कॉलर कर्मी, उनकी बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।


# अटल जी के नदी जोड़ो स्वप्न से मिली जनगण को सौगात

***उजियारे में, अंधकार में, कल-कछार में, बीच धार में,***
***क्षणिक जीत में दीर्घ हार में, जीवन के शत-शत आकर्षक,***
***अरमानों को ढलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।।***

कदम मिलाकर चलने का उद्घोष करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100वीं जयंती है। भारत निर्माण के दृष्टा श्रद्धेय श्री अटल जी को शत-शत नमन।श्रद्धेय अटल जी ने संघ के स्वयंसेवक से लेकर राष्ट्रधर्म के संपादक, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के दायित्वों के बीच कार्यकर्ताओं की पीढ़ियां निर्मित कीं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना के सभी पक्षों ने देश को आधार प्रदान किया।धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था।उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी 100वीं जयंती पर आज मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है।मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वर्तमान पीढ़ी के भागीरथ श्री नरेन्द्र मोदी जी खजुराहो में देश की पहली, महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ श्रद्धेय अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प और समृद्धि का सपना मूर्तरूप लेगा। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, सैकड़ों नदियों की विपुल जलराशि से समृद्ध है। प्रदेश की नदियों के आशीर्वाद से यह बहुउद्देशीय परियोजना बुंदेलखंड की जीवन रेखा साबित होगी। यह परियोजना छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी और लगभग 7 लाख किसान परिवार




डॉ. मोहन यादव



लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ संपूर्ण मध्यप्रदेश को मिलेगा।केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली, कृषि, उद्योग और पेयजल के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। खेत को पानी मिलने से फसलों का अमृत बरसेगा। किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी जिससे पलायन रुकेगा और नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। जलराशि की विपुलता के साथ बाढ़ तथा सूखा, दोनों समस्याओं का समाधान होगा। हमारा संकल्प है विरासत के साथ विकास। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुएपरियोजना में ऐतिहासिक चंदेलकालीन 42 तालाबों को सहेजने का कार्य किया जायेगा। यह तालाब वर्षाकाल में जल से भर जायेंगे। इससे धरती का जल स्तर बढ़ेगा जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से हम इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल होंगे और बुंदेलखंड की प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। इसी विश्वास के साथ मैंने बुंदेलखंड के किसानों से यह आग्रह किया था कि यहां के सूखे का तोड़ निकल जायेगा, किसी भी हाल में अपनी जमीन मत बेचना। मुझे खुशी है कि मेरा वह विश्वास सही साबित हुआ। यह हमारे लिये प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, इस समय जनकल्याण पर्व मना रहा है। अटल जी के 100वीं जयंती पर त्रिपक्षीय अनुबंध से केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को मिलना अद्भुत संयोग है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि कुछ दिनों पूर्व हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की सौगात दी थी। इस परियोजना में 21 बांध, बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।एक साथ प्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाना ऐतिहासिक अवसर है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इतिहास में बुंदेलखंड शौर्य, पराक्रम, वीरता और बलिदान का प्रतीक है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड अब नदी परियोजना से विकास की भूमि के रूप में जानी जायेगी। मुझे बताते हुये आनंद है कि आज ही के दिन प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रीन ऊर्जा के प्रति किये गये प्रयास धरातल पर उतरने वाले हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा पर विकसित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है।लोकतंत्र की प्रथम इकाई, ग्राम पंचायत से आरंभ होती है। अटल जी ने गांव को सुशासित और सशक्त बनाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने, श्रद्धेय अटलजी के स्वप्न को साकार करने के लिये गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, समृद्ध और सुशासित बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत का अपना भवन हो, इसके लिये प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे।श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर आज शुरू होने वाली ऐतिहासिक परियोजनाओं और कार्यों से प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड जलशक्ति से संपन्न हो जायेगा और किसान समृद्ध होंगे। इससे समूचे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और युवाओं को नौकरी के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा।सौभाग्य से यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार से। हमारी सरकार ने पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगों को छोटे शहरों तक पहुंचाने का नवाचार किया है। यह कार्य और आगे बढ़ेगा।मध्यप्रदेश प्रगति और उन्नति का नया इतिहास रच कर अग्रणी राज्य के रूप में आकार लेगा।राष्ट्र दृष्टा श्रद्धेय अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को जहां अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वहीं भविष्य के लिये नदी जोड़ो परियोजनाओं की संकल्पना से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था।

उसी पर चलकर मध्यप्रदेश समृद्धि, विकास, निर्माण और खुशहाली का नया अध्याय रचेगा।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्रद्धेय अटल जी के संकल्प को पूरा करने खजुराहो आ रहे हैं। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आप भी हरी-भरी वसुंधरा के लिये होने वाले इस अनुष्ठान में शामिल होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। श्रद्धेय अटल जी के जन्म के 100वें वर्ष में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को संपूर्ण राष्ट्र की आदरांजलि है।




शिमला में शांत सफेद परिदृश्य से घिरे बर्फ से ढके जाखू मंदिर का हवाई दृश्य.

# केबल चोरी के तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया

**भगवती प्रसाद डोभाल**

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फार्मूला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पड़ेगी।सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुई।इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडऩे और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाडिय़ों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है।वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य पण्रालियां-पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढ़े बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं।चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टोनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं।




मेष राशि:आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक रहने वाला है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। अपने कॉन्टैक्ट्स पर ध्यान देंगे।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे, इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग है। व्यापार में थोड़ी कोशिश से ही आपको ज्यादा फायदा होगा।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। आज आप नया काम करने में बहुत उत्सुक होंगे। आज आपके घरेलू रुके हुए कार्य पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज किसी बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति से आपको सही सलाह मिल सकती है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज ज्यादा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा। आज किसी बचपन के मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है, आप पुरानी बातों पर चर्चा करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। किसी मनोरंजक स्थान की सैर करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज यात्रा की वजह से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अच्छे व्यवहार से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे।

मकर राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्ते में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि:आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप नया बिजनेस शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज इम्पोर्टेंट कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

मीन राशि:आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेग । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से खास लोगों से चल रही अनबन आज दूर हो जाएगी।

# हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा

श्रुति व्यास

घूमने के सारे ठिकाने, पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां कुंभ की रेलमपेल मची रहती है। जबकि छुट्टियों का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना भी होता है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा रहता है।

गहरा नीला आसमान और हवा में झूमते ताड़ के वृक्ष। बालकनी से मैं ज़मीन पर बिछी सफ़ेद रेत का अंतहीन सिलसिला देख सकती हूँ। धूप ठीक उतनी गर्म है, जितनी होनी चाहिए। दूर कहीं से समुद्र की लहरों के तट से टकराने की आवाज़ आ रही है। मै अक्सर मनपसिंदा रोज' पेय की चुस्कियां लेती हूँ और साथ-साथ बीच में चॉकलेट केक के टुकड़े भी मुंह में डालती हूँ। यहाँ की हर सुबह हेमंत जैसी है और हर शाम, वसंत जैसी। यह स्वर्ग है। यहाँ सपने हकीकत बन जाते हैं। यहाँ आनंद ही आनंद है। और मैं यहाँ तब तक रहूंगी जब तक कि सर्दी का मौसम विदा नहीं हो जाता। और फिर मेरी आँख खुल जाती है!

मैं तो दिल्ली में हूँ-जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज़ इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में। हवा जहरीली है। और आँखें जल रही हैं, नाक बह रही है। मैं रोज़' नहीं बल्कि काढ़ा' पी रही हूँ। चॉकलेट केक' नहीं बल्कि च्यवनप्राश' खा रही हूँ। खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर आकाश में एक के बाद हवाईजहाजों को उड़ान भरते देख रही हूँ। वे अपने यात्रियों को उन सुन्दर जगहों पर ले जा रहे हैं, जहाँ के बारे में मैं केवल सोच सकती हूँ। हाय री किस्मत! मेरा मन खिन्न हो जाता है।

ईमानदारी की बात तो यह है कि दिल्ली एकदम बेदिल हो गई है। वे चीज़ें जो दिल्ली को एक आकर्षण, एक चरित्र और एक व्यक्तित्व देती थीं, गुमशुदा हैं। यहाँ बहुत ज्यादा लोग हैं, बहुत ज्यादा। हर जगह को खोद डाला गया है, मोहल्लों-सड़कों के नाम बदल दिए गए हैं, नल का पानी काला होता है, हवा काली हो गई है। यह शहर अब चाट प्रेमियों का स्वर्ग नहीं रहा। अब यहाँ मोमो का राज है। अजीब सी मूर्तियाँ-बेढब और निरीह सी-कई जगह ऊग आई हैं। नई उम्र के लड़के-लड़कियों को वे रील बनाने के लिए एकदम उपयुक्त लगती हैं।

शहर में इतनी भीड़ है कि इटली के दूतावास में बड़े दिन, क्रिसमस के मेले में घुसने पर ऐसा लगता है मानों आप कुम्भ मेले में हों। यह शहर एक समय उत्कृष्ट संस्कृतियों और पाक शैलियों का गुलदस्ता था, उनका मिलन स्थल था। अब यहाँ ज़हर है-हवा में भी और लोगों के दिलों में भी।

मैं अपने आप को भाग्यवान मानती हूँ कि मैं उस दिल्ली में पली-बढ़ी जो सदियों से सत्ता का केंद्र थी, जिसकी अपनी शान थी, जो अपने लोगों, अपनी इमारतों और अपने खान-पान के लिए जानी जाती थी। यहाँ की सर्दियों खुशनुमा हुआ करती थी। चमकीली धूप, नीला आकाश और चारों तरफ खिलखिलाते बोगेनविलिया। करीने से छटाई किये हुए पौधों और पेड़ों से भरे पार्कों में हम परिवार या दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते, खाना खाते, क्रिकेट और लूडो खेलते या अलसाते हुए अगाथा क्रिस्टी या ब्रोंटी पढ़ते। अचार को सुखाने के लिए छत पर धूप में रखा जाता था, सर्दियों में गर्मी के लिए आलू के चिप्स बनाये जाते थे और माएं बच्चों को जबरदस्ती मूली खिलाती थीं। सैलानी पुरानी दिल्ली की गलियों की ख़ाक छानते थे और इंडिया गेट-जब वह इंडिया गेट हुआ करता था-पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी। शाम की हवा साफ़-सुथरी और ठंडी हुआ करती थी। आप घर में बनी स्वेटरें पहनें अलाव के आसपास बैठकर, हॉट चॉकलेट पीते हुए रेवड़ियाँ टूंगते थे-कुछ-कुछ वैसा ही दृश्य हुआ करता था जैसा कि भारतीय फिल्मों में क्रिसमस का दिखाया जाता है।मगर अब दिल्ली न तो आदर्श राजधानी बची है और ना ही आदर्श शहर। वह ऐसी जगह भी नहीं है जहाँ आप घूमने जा सकते हैं। पार्कों की कटाई-छटाई नहीं होती और वे हँसते-खेलते परिवारों से भरे नहीं रहते। हवा ऐसी नहीं है जो अचार को अचार बना सके और चिप्स को सुखा सके। विदेशी सैलानियों के लिए दिल्ली अब गोल्डन ट्रायंगल की यात्रा का एक पड़ाव भर है। स्थानीय लोग शहर से बाहर जाने के लिए आतुर रहते हैं-चाहे वह एक वीकेंड के लिए ही क्यों न हो।जिस स्वर्ग में होने का सपना मैं देख रही थी, दुर्भाग्यवश, वह बहुत दूर है और इतनी जल्दी वहां जाने का कार्यक्रम बनाना मुमकिन नहीं है। कुल मिलाकर, सर्दियों में फ्रेंच रीविएरा जाने की योजना एक और साल के लिए मुल्तवी!

दिल्ली और उसके उदास मौसम, और समुद्र के किनारे गुनगुनी धूप का मज़ा लेने का एक और मौका खो देने पर मेरी झल्लाहट और बड़बड़ाना सुन कर मेरे पिता कुछ गुस्से से बोले, तो तुम गोवा ही चली जाओ।

वाह, क्या घिसापिटा मशविरा है, मैंने तुरंत कहा। आप मॉरिशस, सेशेल्स या मालदीव जाने के लिए भी तो कह सकते थे।

हम दोनों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उन्हें समझ आ गया कि मैं सही कह रही हूँ। वैसे मैं बता दूं कि ऐसे मौके कम ही आते हैं!

मैं जानती हूँ कि दिव्य और स्वर्गिक समुद्री बीचों वाले इन देशों के मोदी के भारत से सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं हैं और हमारी सरकार ने ढेर सारे देशी पर्यटन स्थलों के उनसे बेहतर होने के बारे में इतना शोर मचाया है कि गोवा का नाम जुबान पर आ जाना एकदम स्वाभाविक है। मगर समस्या यह है कि हमारे अपने पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां लोगों की रेलमपेल मची रहती है। जबकि क्या छुट्टियां मनाने का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना नहीं होता? मगर फिर भी, अपने मन को बहलाने के लिए मैंने गोवा, पोंडिचेरी, कोवलम, अंडमान-भारत के लगभग सभी समुद्री तट के पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए फ्लाइट और होटलें खोजना शुरू कीं। मगर अफ़सोस, मुझे कहीं भी जाने के लिए फ्लाइट और रुकने के लिए ठीक-ठाक होटल में जगह नहीं दिखी। सब कुछ पहले से ही बुक था-कहीं कोई जगह नहीं है। मैं शायद नीमराना भी नहीं जा पाऊंगी!और यह साल के इस समय की बात नहीं है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा रहता है।बहरहाल, एक बार फिर, लगातार पांचवें बरस, मेरा हॉलिडे सीजन दिल्ली में ही कटेगा। हवा और गन्दी होती जाएगी। और चूँकि मेरी कार बीएस-4 है, इसलिए मैं शहर में भी नहीं घूम पाऊँगी। जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज़ इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर मैं पेड़ों को धूसर रंग ओढ़ते देखूँगी और देखूँगी धूसर आकाश में उड़ान भरते हवाईजहाजों की टिमटिमाती रौशनियाँ।





# समाज में हिंसा और विघटन पैदा करने की कोशिश होती है, तो दुख होता है

## पीएम मोदी ने की जर्मनी में हुई कार से रौंदने वाली घटना की निंदा

नई दिल्ली,(ए)। जर्मनी के बाजार में भीड़ पर एक डॉक्टर ने कार चढ़ा दी थी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इस घटना में कई भारतीय भी घायल हुए थे। अब इस मामले पर पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाज में हिंसा फैलाई जाती है तो दुख होता है।



एक कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रभु मसीह की शिक्षा प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का जश्न मनाती हैं। यह अहम है कि हम इस भावना को और मजबूत करने के लिए काम करें, लेकिन जब समाज में हिंसा फैलाने और विघटन पैदा करने की कोशिश की जाती है, तो दुख होता है। अभी कुछ दिन पहले हमने देखा कि जर्मनी के क्रिसमस बाजार में क्या हुआ। 2019 में श्रीलंका के चर्चों पर हमला किया गया। मैं कोलंबो में बम विस्फोटों में अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने गया था। ऐसी चुनौतियों से लड़ने के लिए एक साथ आना बेहद जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि यह आशा ही है जिसने भारत को गरीबी को काफी हद तक कम करने में मदद की है, अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि आशा और आशावाद के साथ भारत नई ऊंचाइयों को छुएगा। यह पहली बार है जब कोई पीएम भारत के कैथोलिक चर्च के हेडक्वार्टर में कार्यक्रम को संबोधित कर रहा था। पीएम मोदी ने कहा कि बाइबिल कहती है, एक-दूसरे का बोझ उठाओ। ईसा मसीह ने दुनिया को दया और बिना शर्त सेवा का उदाहरण दिखाया है। हम क्रिसमस इसलिए मनाते हैं क्योंकि हम इन मूल्यों को अपनी जिंदगी में अपना सकें। अपनी सरकार के नारे, 'सबका साथ, सबका विकास' की तुलना ईसाई शिक्षाओं से करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के युवा एक-दूसरे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीबीसीआई में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया, 'मुझे पोप फ्रांसिस से भी वैसा ही प्यार मिला, जिनसे मैं जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिला था। यह तीन साल में मेरी पोप के साथ यह दूसरी मुलाकात थी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल युवा महाकुंभ के उद्घाटन के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजस्थान मंडपम को समय से करें पूरा, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा मंडपम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें।

सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी यूनिटी मॉल में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 17 मछुआरों को किया गिरफ्तार, दो नाव भी जब्त

रामेश्वरम (आरएनएस) । तमिलनाडु के 17 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनकी दो नाव भी जब्त की है। रामेश्वरम से दो नावों पर सवार लगभग 17 भारतीय मछुआरों को मंगलवार की सुबह कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया।

17 भारतीय मछुआरे दानुशकोडी और थलाईमन्नार के बीच क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना की गश्ती नौकाओं ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मछुआरों को फिर थलाईमन्नार नौसेना शिविर ले जाया गया और पूछताछ के बाद मन्नार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। यह गिरफ्तारी और कार्रवाई उस समय हुई जब मछुआरे अपने दैनिक कार्यों के लिए समुद्र में गए थे। श्रीलंकाई नौसेना के मुताबिक भारतीय मछुआरे उनकी सीमा में घुस आए थे, जिससे इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा विवाद और मछुआरों को लेकर तनाव को बढ़ाती है, क्योंकि भारतीय मछुआरे अक्सर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोपों का सामना करते हैं।

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रातभर बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ धरने पर बैठे, कहा - रद्द हो परीक्षा



पटना, (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्रों को अब पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का साथ मिला है। पप्पू यादव सोमवार की देर रात पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पहुंचे और छात्रों के साथ धरने पर बैठ गए।सांसद पप्पू यादव पीटी परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, बिहार सरकार और बीपीएससी होश में आओ। छात्र हित में यह परीक्षा रद्द करो। एग्जाम माफिया के चंगुल से बाहर आओ।

ये बेटियां इस भीषण ठंड में धरना पर बैठी थी। मैं कैसे घर में रज़ाई में सो जाता? साथियों रज़ाई से निकलें, तभी क्रांति होगी। एक अन्य एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, सोमवार रात बारह बजे से बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर धरना पर हूं। लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। लुटेरों एग्जाम माफिया को सजा दो, परीक्षार्थियों को न्याय दो। कुंभकर्णी सरकार नींद से जागो। इससे पहले सोमवार की शाम भी सांसद धरना स्थल पहुंचे थे और छात्रों की मांगों का समर्थन किया था। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया है।

## किन्नौर में एनएच-5 पर फंसे 20 पर्यटकों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

किन्नौर (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी देखने पहुंचे करीब 20 पर्यटक मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस गए। इन फंसे हुए लोगों को स्थानीय पुलिस ने सोमवार रात करीब 9 बजे कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास अधिक बर्फबारी के कारण मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 20 पर्यटक बर्फबारी में फंसे होने की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस इन लोगों को बचाने के लिए सक्रिय हो गई। पुलिस पोस्ट यांगथांग और चेक पोस्ट चांगो से पुलिस बल कड़ी मशक्कत से मौके पर पहुंचा। फिर स्थानीय लोगों की सहायता से इन लोगों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। इस घटना की जानकारी मंगलवार सुबह 9:30 बजे सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुई। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बचाए गए लोग काफी खुश दिखे। इन लोगों को बचाने के बाद एक सुरक्षित जगह रखा गया है।

## अतुल सुभाष खुदकुशी मामला, पिता बोले- पोते व्योम के बारे में कुछ पता नहीं, अब बस उसकी फिक्र

समस्तीपुर (आरएनएस)। बेंगलुरू में पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगा खुदकुशी करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता पवन मोदी ने अपना दर्द साझा किया है। उनको अब फिक्र अपने पोते व्योम की है। बिहार के समस्तीपुर में रहने वाले पिता ने आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि उनका पोता कहां है, किस हाल में है, कैसा है इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस इस मामले के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। पुलिस अगर चाहे तो उसके मोबाइल का उपयोग कर उसके लोकेशन का पता लगा सकती है, लेकिन अभी तक इस दिशा में किसी भी प्रकार का ऐसा कदम नहीं उठाया गया है। उन्हें आशंका है कि पोते के साथ कुछ गलत हो सकता है। बोले, मेरे पोते के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, जैसा कि उनके बेटे के साथ हुआ था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली ।



भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली स्थित भाजपा दिल्ली कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया.

## अटल जी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करते हैं युवा कुंभ जैसे आयोजन - सीएम योगी

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा कुंभ जैसे आयोजन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। युवा कुंभ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है, जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुंभ के आयोजन के साथ जुड़ती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल युवा महाकुंभ का शुभारंभ किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा थीम पर यह आयोजन हुआ। सीएम और रक्षा मंत्री ने बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट बांटी। निबंध व भाषण प्रतियोगिता के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि कुंभ भारत की पहचान है। सनातन व आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है, उस महासमागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को मिल रही है। सीएम योगी ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता कदम मिलाकर चलना होगा सुनाई और कहा कि इस युवा कुंभ ने अटल जी की स्मृतियों को ताजा किया है।



उन्होंने कहा कि मैंने सुबह आयोजकों को फोन कर पूछा कि कार्यक्रम होगा, तो बताया गया कि यह युवा ऊर्जा का प्रतीक कार्यक्रम है। कार्यक्रम भव्यता से होगा। वास्तव में, आज मौसम की परवाह किए बिना बच्चों ने अटल जी की स्मृतियों को याद किया है। बुधवार को अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है और आज उसका शुभारंभ इतनी भव्यता से हो रहा है। सीएम योगी ने प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। प्रतिभागी बच्चों को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि कदम मिलाकर चलेंगे तो लक्ष्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही सीएम योगी ने आयोजन में शामिल सभी संस्थाओं को भी साधुवाद दिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, इंजी. अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल, आईपीएस सौरभ सिंह बने सीआईडी चीफ

चंडीगढ़ , (आरएनएस)। हरियाणा में रविवार को प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यहां पर आईपीएस सौरभ सिंह को सीआईडी चीफ और आईपीएस आलोक मित्तल को एडीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल हुआ है। यहां पर 1993 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक मित्तल को एंटी करप्शन ब्यूरो और एडिशनल रेजिडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी सौरभ सिंह को एडीजीपी/सीआईडी नियुक्त किया गया है। हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद से प्रशासनिक फेरबदल लगातार जारी है। इसे पहले दो दिसंबर को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई थी। प्रदेश सरकार ने 44 अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की थी। आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया था।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दस महीनों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

उदयपुर, (आरएनएस)। करीब 10 महीने पहले जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र से एक महिला को अगवा कर बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी विक्रत पुत्र अमराराम निवासी जामेला फली पीपला सेवाड़ी, बाली जिला पाली को थाना पुलिस की टीम ने डिटेल कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 10 फरवरी को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 29 दिसम्बर, 2023 को वह घरेलु सामान लेने मालवा का चौरा आई थी। दिन में 02.00 बजे नेशनल हाईवे 27 पीचसी के निकट दो व्यक्ति एक बाइक लेकर आये। दोनों ने उसे रोका और जबरन बाइक पर बैठाने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार सुरा से डरा कर मोटरसाइकिल पर बैठा बिजापुर बाली ले गये। जहां एक घर में ले जाकर आरोपी विक्रम गरासिया व उसी के गांव के शान्ताराम गरासिया ने उसे बंधक बना लिया। जहां विक्रम ने उसके साथ दुष्कर्म किया और पत्नी बनाने की नियत से उसे गुजरात ले गया। 02 फरवरी को वह भाग कर अपने घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

## बांद्रा स्थित बिल्डिंग फॉर्च्यून एनक्लेव में लगी आग , गायक शान भी रहते हैं यहां

मुंबई(आरएनएस)। मुंबई के बांद्रा के पश्चिम इलाके में स्थित फॉर्च्यून एनक्लेव नाम की रेजिडेंशियल बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर सोमवार देर रात आग लग गई। इस बिल्डिंग में ही गायक शान का फ्लैट भी है।आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। अब तक 14 लोगों को बचाया जा चुका है। आग लगने से 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इसके बाद उसे पास में स्थित बाबा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुजुर्ग महिला अभी अस्पताल में उपचाराधीन है।दमकल विभाग के मुताबिक, रात 12. 45 मिनट पर उन्हें आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव कार्य के तहत पूरी बिल्डिंग को खाली करवा दिया। जिस बिल्डिंग में आग लगी है, उसी बिल्डिंग में मशहूर गायक शान भी रहते हैं। लेकिन, राहत की बात है कि घटना में और उनके परिवार को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने के समय शान अपने परिवार के साथ फ्लैट में ही मौजूद थे।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर', हल्की बारिश से भी नहीं बदले हालात

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता मंगलवार को गंभीर स्तर पर बनी रही। सुबह 7 बजे हल्की बारिश के बावजूद हवा का औसत एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 401 रहा।

दिल्ली में सबसे खराब हवा की गुणवत्ता बवाना स्टेशन पर रही, जहां एक्यूआई 455 दर्ज किया गया। वहीं, इहबास दिलशाद गार्डन स्टेशन पर सबसे कम एक्यूआई 222 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। रोहिणी (451), आनंद विहार (442), और पंजाबी बाग (431) जैसे इलाकों में भी हवा की गुणवत्ता गंभीर रही। शादीपुर में एक्यूआई 360 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली में आज सुबह ठंड बढ़ी। सुबह 5:30 बजे



न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हल्की बारिश और तापमान में गिरावट के कारण सर्दी और बढ़ गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोहरे के लिए पीला अलर्ट जारी किया है और साथ ही हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

कुछ इलाकों में घना कोहरा था, जिससे लोगों को देखने में काफी परेशानी हुई।

16 दिसंबर से पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत कड़े उपायों को लागू किया गया, लेकिन इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है। ग्रेप के इस चरण के उपाय प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे सख्त होते हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, अगर एक्यूआई 401 से 450 के बीच होता है, तो उसे गंभीर माना जाता है और अगर एक्यूआई 450 से ऊपर होता है, तो उसे गंभीर प्लस श्रेणी में रखा जाता है।




उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र एस. और कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें रांची में होने वाले प्रयागराज महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया.

# शॉर्ट ड्रेस पहन जाह्नवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने लूटाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी ग्लैमरस और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सिजलिंग फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

बी-टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में भी लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक लाखों यूजर्स ने लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स कॉमेंट्स और रिएक्शंस के जरिए दिलखोलकर अपना प्यार लूटा रहे हैं।एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल। तीसरे यूजर ने लिखा है- सो ब्यूटिफुल। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# मुफासाः द लायन किंग 50 करोड़ के करीब, साउथ सुपरस्टार उपेंद्र की यूआई ने पहले वीकेंड की इतनी कमाई


***शाहरुख खान डबिंग फिल्म मुफासाः द लायन किंग और उपेंद्र की निर्देशित फिल्म यूआई मूवी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 3 दिन हो चुके हैं. दोनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का सामना करना पड़ रहा है. इस टकराव के बाद भी मुफासा भारत में अच्छा परफॉर्म कर रही है. उम्मीद है कि यह जल्द ही 50 करोड़ रुपये के आंकड़ा को छू लेगी. वहीं, यूआई मूवी बॉक्स ऑफिस सिंगल डिजिट में कमाई की हैं.सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की डबिंग फिल्म मुफासा ने ओपनिंग डे पर जहां सिंगल डिजिट में बिजनेस किया, वहीं, शनिवार और रविवार को इसने डबल डिजिट में कलेक्शन किया है.***

पहले दिन फिल्म ने 8.8 करोड़ रुपये कमाए, जबकि शनिवार और रविवार को क्रमशः 13.7 करोड़ और 19.16 करोड़ रुपये कमाए हैं.तीन दिनों में मुफासाः द लायन किंग ने 41.66 करोड़ रुपये कमाए हैं. मुफासा की ये कमाई 2019 की द लॉयन किंग रीमेक से काफी कम है. द लॉयन किंग रीमेक ने अपने शुरुआती वीकेंड में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था.सैकनिल्क के अनुसार, उपेंद्र की फिल्म ने भारत से मात्र 3 दिनों में 18.30 करोड़ रुपये की कमाई की. शुरुआती अनुमान के अनुसार, तीसरे दिन फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. पहले दिन इसने 6.95 करोड़ रुपये कमाए. जबकि, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में 19.42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. शनिवार को फिल्म 5.6 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, 3.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये कमाए.इस फिल्म का




निर्देशन उपेन्द्र ने किया है. जबकि लहरी फिल्म्स और वीनस एंटरटेनर ने इसे प्रोड्यूस किया है. साइंस फिक्शन फिल्म यूआई में उपेंद्र, रेशमा नानाय्या, सनी लियोन, साधु कोकिला और मुरली शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं. आने वाले दिनों में मुफासाः द लायन किंग और यूआई को पुष्पा 2 के अलावा सिनेमाघरों में बेबी जॉन का सामना करना होगाय. एटली की निर्मित यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# आदि साईकुमार के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, फिल्म शम्बाला से फर्स्ट लुक आउट




आदि साईकुमार अपनी युवा मनोरंजन फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं और अब वह अपनी फिल्म शम्बाला के साथ फिल्म प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हो रहे हैं। ए (एड इनफिनिटम) फेम युगंधरा मणि द्वारा निर्देशित यह फिल्म तेज गति से आगे बढ़ रही है। आदि साईकुमार आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं और शम्बाला के निर्माताओं ने फिल्म से उनका पहला लुक जारी करके आदि को शुभकामनाएं दी हैं। पहले लुक में आदि आग के बीच साइकिल चलाते हुए स्टाइलिश दिख रहे थे और उनकी गहरी आंखें चारों ओर गंभीरता दिखा रही थीं।शम्बाला एक सुपरनैचुरल थ्रिलर है और इसकी टैगलाइन है ए मिस्टिक वर्ल्ड। अर्चना अयेर इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें स्वासिका, रवि वर्मा, मीसाला लक्ष्मण, मधु नंदन अहम भूमिका में हैं।

# एक्शन से भरपूर फतेह का ट्रेलर रिलीज, दोनों हाथों में बंदूक थामे नजर आए सोनू सूद



अभिनेता सोनू सूद अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से वह अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। आजकल वह इसी के प्रचार में जुटे हैं।अब आखिरकार फतेह का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सोनू जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है।

फतेह में जैकलीन फर्नांडिस के साथ सोनू की जोड़ी बनी है। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।फतेह ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा के विषयों पर आधारित है, जो डिजिटल युग के काले रहस्यों को उजागर करती है।फिल्म के एक्शन दृश्यों को हॉलीवुड तकनीशियनों द्वारा डिजाइन किया गया है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।हाल ही में सोनू ने ऐलान किया था कि वह अपनी इस फिल्म की सारी कमाई दान कर देंगे।उन्होंने कहा था, फतेह देश के लोगों के लिए बनाई गई फिल्म है। हम फिल्म की कमाई को वृद्धाश्रम और अनाथालयों में दान करेंगे। सोनू के इस फैसले ने उनके प्रशंसकों को खुश कर दिया है।अभिनेता को पूरी उम्मीद है कि साइबर क्राइम पर आधारित एक्शन से लबरेज उनकी यह फिल्म दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरेगी।

# गौहर खान ने शो लवली लोला को बताया कमाल, टीम के साथ की खूब मस्ती



मनोरंजन जगत की खूबसूरत अभिनेत्री गौहर खान अपने आगामी शो 'लवली लोला' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। शो के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा कर रही हैं। गोहर ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह टीम के साथ खूब मस्ती करती नजर आईं।सोशल मीडिया पर अक्सर मजेदार पोस्ट साझा करने वाली अभिनेत्री गौहर खान ने इंस्टाग्राम पर एक और मजेदार पोस्ट को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, लोला के साड़ी और लवली लोला का क्रू, दोनों ही कमाल। यूट्यूब पेज पर जल्दी आ रही है। 25 दिसंबर से, जल्दी करो आप।वीडियो में गौहर खान, क्रेटेक्स, क्रुणाल घोरपड़े के मराठी गाने 'तांबडी चामडी' पर अपनी टीम के साथ थिरकती नजर आईं। इस गाने को क्रेटेक्स-क्रुणाल ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जबकि इसके बोल श्रेयस सागवेकर ने लिखे और गाए हैं।बिग बॉस विजेता गौहर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही 'लवली लोला' में नजर आने वाली हैं। इस शो में गौहर के साथ इशा मालवीय लीड रोल में हैं। गौहर इस शो में 21 साल की मां के किरदार में नजर आएंगी। कॉमेडी से भरपूर इस शो में मां-बेटी के बीच खटपट होती दिखाई देगी।शो का निर्माण रवि दुबे और शरगुन मेहता ने किया है। शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ है। शो यूट्यूब चैनल ड्रीमियता ड्रामा पर स्ट्रीम होगा। लवली लोला शो का पहला एपिसोड 25 दिसंबर को स्ट्रीम होगा।बता दें कि गौहर खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर ट्रेंडिंग रील बनाती रहती हैं।

अभिनेत्री का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी मजेदार पोस्ट से भरा पड़ा है। हाल ही में गौहर खान ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह नीति मोहन-साद लैमजारेड के गाने होमा डोल पर थिरकती नजर आई थीं।अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर डांस का वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा था, मुझे साद लैमजारेड और नीति मोहन का नया गाना बहुत पसंद आया था। ट्रेंडिंग रिल्स, होमा डोल। 'होमा डोल' से पहले गौहर कीर्ति सुरेश और वरुण धवन स्टारर 'बेबी जॉन' के गाने 'नैन मटक्का' पर अभिनेता करण ग्रोवर के साथ थिरकती नजर आई थीं।

# पुष्पा 2 ने लगाई लंबी छलांग, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ की ओर बढ़ रही अल्लू अर्जुन की फिल्म

सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2: द रूल अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी हैं. तीसरे वीकेंड में भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. हालांकि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन भगदड़ मामले में कई मुद्दों का सामना कर रहे हैं. इसके बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. सैकनिलक की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 ने अपने तीसरे रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1060 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है.सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2: द रूल ने अपने तीसरे शनिवार को सभी भाषाओं में लगभग 24.75 करोड़ कमाए. वहीं, रविवार को फिल्म के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला. 18वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद पुष्पा 2 का भारत में कुल 1062.9 करोड़ रुपये हो गया है. इसी के साथ पुष्पा 2 भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने बाहुबली 2 (1030.42 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है.पुष्पा 2 बाकी भाषाओं की अपेक्षा हिंदी भाषा में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं. हिंदी बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 700 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे शुक्रवार तक हिंदी भाषा में कुल 654 करोड़ रुपये कमाए. वही, सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 17वें और 18वें दिन क्रमशः 20 करोड़ रुपये और 26.75 करोड़ रुपये की कमाई की. इस तरफ पुष्पा 2 ने 18 दिनों में भारत में कुल 691.75 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.आने वाले दिनों में निर्देशक कलीस की बेबी जॉन, जिसमें वरुण धवन , कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं, रिलीज होने वाली है. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एटली की निर्मित नई फिल्म पुष्पा 2 के शो कम कर पाएगी या नहीं.

# किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स का ट्रेलर रिलीज़

किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स क्रिसमस के दिन सिनेमाघरों में आने वाली है और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले इसे सुबह 11:08 बजे रिलीज करने का कार्यक्रम था, लेकिन ट्रेलर लॉन्च को स्थगित कर दिया गया और चित्रदुर्ग के किच्चना कोटे में प्री-रिलीज़ इवेंट के साथ जोड़ दिया गया।

ट्रेलर में सुदीप के किरदार अर्जुन महाक्षय को राक्षस मोड में दिखाया गया है, जो एक ट्रिगरिंग घटना के बाद हिंसा से बदला लेता है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में एक सस्पेंस भरी कहानी को एक ही रात में, शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक के समय में दिखाया गया है।सुदीप ने कथा में रोमांटिक उलझनों से बचने के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कहानी केंद्रीय कथानक पर केंद्रित रहे। विजय कार्तिकेय द्वारा निर्देशित मैक्स में वरलक्ष्मी सरथकुमार, सुनील, शरत लोहिताश्व, प्रमोद शेट्टी, सुकृता वागले, संयुक्ता हॉर्नड, सुधा बेलावाड़ी और विजय चेंदूर हैं।

# क्या केवल नारियल पानी पीने से ठीक हो जाता है हैंगओवर ? आइए जानें इसकी सच्चाई

नारियल पानी को अक्सर हैंगओवर का इलाज बताया जाता है। लोग मानते हैं कि यह शरीर को हाइड्रेट करता है और हैंगओवर के लक्षणों को कम करता है। नारियल पानी में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद करते हैं। हालांकि, यह जानना जरूरी है कि केवल नारियल पानी पीने से इस समस्या का समाधान होता है या नहीं। आइए इस लेख के जरिए इस मिथक की सच्चाई जानते हैं।



## क्या नारियल पानी है हैंगओवर का इलाज ?

नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। यह शरीर में तरल पदार्थ की कमी को पूरा करता है, जिससे आप ताजगी महसूस कर सकते हैं।हालांकि, सिर्फ हाइड्रेशन ही हैंगओवर का इलाज नहीं कर सकता। शराब पीने से सिरदर्द, मतली और कमजोरी जैसी समस्याएं होती हैं।इसलिए, केवल नारियल पानी पीने से सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता और आपको अन्य उपाय भी अपनाने चाहिए।

## पोषक तत्वों की कमी

शराब पीने के बाद शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी और थकान महसूस होती है। नारियल पानी में कुछ विटामिन और मिनरल होते हैं, जो शरीर को थोड़ी राहत दे सकते हैं।हालांकि, यह सभी जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं कर सकता। इसलिए, संतुलित डाइट लेना भी जरूरी होता है, ताकि शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और आप जल्दी ठीक हो सकें।

## हैंगओवर के इलाज के वैज्ञानिकों द्वारा बताए गए तरीके

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नारियल पानी से हैंगओवर के दौरान थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन इसे एकमात्र उपाय मानना गलत होगा।बेहतर होगा कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, पौष्टिक खाना खाएं और आराम करें, ताकि आपका शरीर जल्दी ठीक हो सके।इसके अलावा, विटामिन और मिनरल से भरपूर फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। हैंगओवर से बचने के लिए अच्छी नींद लेना भी जरूरी है।

## हैंगओवर मिटाने के अन्य उपाय

हैंगओवर से बचने के लिए केवल नारियल पानी पर निर्भर न रहें। इसके साथ पर्याप्त नींद लें, एक्सरसाइज करें और ताजगी देने वाले फलों का सेवन करें।ये सब मिलकर आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे और आपको जल्दी ठीक होने में मदद करेंगे। नारियल पानी अकेले ही हैंगओवर का पूरा समाधान नहीं हो सकता।इसे एक सहायक उपाय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, पर अन्य स्वस्थ आदतें अपनाना भी उतना ही जरूरी है।

# आने वाला है क्रिसमस का त्योहार, जानिए इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्य



क्रिसमस एक ऐसा त्योहार है, जिसे लोग साल का सबसे खास पर्व मानते हैं। इसे 25 दिसंबर को मनाया जाता है, क्यूंकि इसी दिन यीशु मसीह का जन्म हुआ था।मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सांता अपनी हिरणों वाली बग्गी पर सवार होते हैं और घर-घर जा कर तोहफे बांटते हैं। हम सबने उनकी कहानी सुनी है, लेकिन इस त्योहार से जुड़े कई ऐसे तथ्य भी हैं, जिनसे ज्यादातर लोग वाकिफ नहीं हैं।आइए ऐसे ही रोचक तथ्य जानते हैं।

## सांता क्लॉज के पास है अपना खास कोड

क्रिसमस से पहले सभी बच्चे अपने पसंदीदा चीजों की सूची तैयार करते हैं और अपने प्यारे सांता को चिट्ठी लिखते हैं। हालांकि, क्या अपने कभी सोचा है कि ये चिट्ठियां आखिर किस पाते पर जाती हैं ?दरअसल, कनाडा में सांता का ह0ह0ह0 अंकों वाला अपना एक खास डाक कोड है।बच्चे इस कोड पर अपने पत्र भेज सकते हैं और बदले में सांता का जवाब भी पा सकते हैं।

## 25 दिसंबर को नहीं मनता था क्रिसमस

हर साल 25 दिसंबर को ही क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था। बाइबिल के अनुसार, इस त्योहार की तारीख कभी 25 दिसंबर थी ही नहीं।रोम में कैथोलिक गिरजाघर ने 336 ईस्वी में इस तिथि पर क्रिसमस मनाना शुरू किया था।कुछ लोगों का मानना है कि गिरजाघर ने प्राचीन रोम में 25 दिसंबर को होने वाले बुतपरस्त उत्सवों को कम करने के लिए इस तिथि को चुना था।

## सांता मोजे में ही क्यों रखते हैं तोहफे ?

सांता हमेशा बच्चों के तोहफों को मोजे के अंदर ही रखते हैं। हालांकि, इसकी वजह ज्यादातर लोगों को नहीं पता है।दरअसल, मोजे में उपहार रखने की परंपरा संत निकोलस ने शुरू की थी, जो असल में सांता हैं।संत निकोलस ने 3 बच्चियों वाले एक गरीब परिवार की मदद करने के लिए उनकी चिमनी से सोने के सिक्कों से भरी 3 पोटलियां फेंकी थीं।ये सभी पोटलियां बच्चियों के दीवार पर लटके मोजों में जा गिरी थीं।

## सांता के कपड़े हमेशा से नहीं थे लाल

हमने हमेशा सांता को लाल रंग के कपड़ों और टोपी में देखा है। हालांकि, क्या हो अगर हम आपको बताएं कि वह हमेशा से लाल रंग के कपड़े नहीं पहना करते थे ?सालों पहले सांता को अक्सर भूरे, हरे या नीले कपड़ों में चित्रित किया जाता था। थॉमस नास्ट पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने उन्हें लाल कपड़ों में चित्रित किया था।इसके बाद, 1931 में कोका-कोला के विज्ञापनों में सांता को लाल कपड़ों में दिखाया गया था।

## क्रिसमस के लिए नहीं लिखा गया था जिंगल बेल गाना

स्कूल के दिनों से लेकर आज तक क्रिसमस पर लोग जिंगल बेल गाना गाते हैं। हालांकि, यह मधुर गाना क्रिसमस के त्योहार के लिए बनाया ही नहीं गया था।आपको जानकर हैरानी होगी कि जिंगल बेल गाना असल में थैंक्सगिविंग त्योहार के लिए बना था। पहले इसका नाम वन हॉर्स ओपन स्ले हुआ करता था।इसे जेम्स लॉर्ड पियरपोंट ने 1850 में मैसाचुसेट्स में लिखा था। इसे सबसे पहले एक गिरजाघर में स्कूली बच्चों द्वारा गाया गया था।

# कलेक्टर ग्राम खेड़ला में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में शामिल हुई

***एक वर्ष से रुकी वृद्धावस्था पेंशन , मोहल्ले की नाली सुधारने एवं दिव्यांग बच्चे का जिला अस्पताल में उपचार कराने के दिए निर्देश कलेक्टर ने खेडला के मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया***



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना मंगलवार को नर्मदापुरम जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खेड़ला में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में शामिल हुई। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया एवं विभिन्न आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण किया। ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में वृद्ध महिला शंकु बाई पति लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि 1 साल से उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद है। कलेक्टर ने ग्राम सचिव को जांच कर उनका आधार एवं मोबाइल नंबर अपडेट कर वृद्धावस्था पेंशन पुन:शुरू कराने के निर्देश दिए। शंकू बाई ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्मान निधि का पैसा भी नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने तत संबंध में सचिव को परीक्षण कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में पहुंची प्रीति पति मुकेश गौड़ ने बताया कि उनका बेटा 8 वर्ष का हो चुका है लेकिन अभी ठीक से बोल नहीं पाता है। चिकित्सीय प्रशिक्षण में सब नॉर्मल बताया जा रहा है। कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि वह प्रीति गौर के बेटे को जिला चिकित्सालय ले जाकर चिकित्सक से उसका आवश्यक प्रशिक्षण कराए। उन्होंने मौके पर ही बीएमओ डॉक्टर राजेश मीना को निर्देश दिए कि वे बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित समाधान करें। शिविर में आए ग्राम वासियों ने बताया कि मोहल्ले की नाली से पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता है। रोड पर पानी आ रहा है और एक अन्य नाली भी नहीं बन पा रही है। कलेक्टर ने सचिव एवं पटवारी को निर्देश दिए कि वह गांव वालों की आपसी सहमति से नाले में सुधार कार्य कराये एवं नाली की जहां आवश्यकता है वहां पर नाली बनाने का कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सब कार्य बारिश से पूर्व हो जाए। शिविर में आई कक्षा 9वीं की छात्रा मनीषा मीना ने बताया कि स्कूल में उनसे बीपीएल कार्ड शिक्षक मांगते हैं। बीपीएल कार्ड बना ना होने के कारण उन्हें दिक्कत हो रही है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए की वे उक्त समस्या का परीक्षण करें। प्रशिक्षण में पात्र पाए जाने पर मनीषा गौर का बीपीएल कार्ड बना दें।

कलेक्टर ने शिविर में आए ग्रामीणों को समझाइश दी कि वे अपने गांव को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें , नाली यदि ओवर फ्लो हो रही है तो सभी सफाई का कार्य मिलजुल कर करें। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया। बताया गया कि 70 प्लस वालों के आयुष्मान कार्ड सभी के पात्रता अनुसार बना दिए गए हैं। खेड़ला ग्राम पंचायत में टुगरिया एवं पतलई ग्राम भी शामिल है। सचिव वंदना चोरे ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर के अंतर्गत 15 विभागों की 45 एवं 14 विभागों की 63 सेवाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी को पात्रता अनुसार दिलाया गया है। किसान सम्मान निधि के 11 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका परीक्षण कर प्राथमिकता से किसान सम्मान निधि हितग्राही कृषकों को दिलाई जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि खेडला ग्राम पंचायत में किसी दिव्यांग व्यक्ति को कृत्रिम उपकरणों की जरूरत है तो वे आवेदन करें सभी को प्राथमिकता से कृत्रिम सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में आई श्रीमती सुनीता मीना ने बीपीएल कार्ड बनाने की मांग की।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत) युवा प्रकोष्ठ नर्मदापुरम ने किया गर्म कपड़ों का वितरण




नर्मदापुरम (विलक्षण सक्सेना)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत)युवा प्रकोष्ठ नर्मदापुरम द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के सूत्रधार जिला युवा अध्यक्ष भानू प्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी बस्तियों के लोगों को अभिवादन ओर बच्चो को स्नेह किया । जिला युवा समन्वयक विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने वहां उपस्थित लोगों को कायस्थ समाज से परिचय कराया एवं जिला अध्यक्ष जी का सन्देश सुनाया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जरूरतमंद लोगों को बस्तियों में जाकर बच्चों एवं महिला पुरुष को गर्म कपड़े वितरण करने का कार्य किया।समाजसेवी जय वाला निगम ने कहा इस समय ये ऊनी कपड़े आप लोगों को ठंड से बचने के लिए ये आवश्यक होते है। वहां उपस्थित बच्चों को खाने के लिए पोषण आहार युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा मृदुला वर्मा ने वितरित किए जिसे पाकर बच्चों प्रसन्न हुए जिला महिला महामंत्री मीनाक्षी निगम ने वहां उपस्थित बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी। स्वच्छता संबंधी कमियां या खराब पोषण से ऊर्जा की कमी, पाचन संबंधी समस्याएं, और हृदय रोग या मोटापा जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं. सही मात्रा में सही पोषक तत्वों का सेवन करने से शरीर बढ़ता है, काम करता है, और अच्छा स्वास्थ्य बना रहता है. युवा नगर अध्यक्ष प्रोफेसर डा दिनेश श्रीवास्तव ने बच्चों से पूछा आप सभी स्कूल जाते हैं जिस पर बच्चों ने हा कहा उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम में जिला युवा कोषाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए एव बताया कि किस तरह संतुलित आहार से शरीर की पोषण संबंधी ज़रूरतें पूरी होती हैं और कुपोषण से बचा जा सकता। अंत में आभार प्रदर्शन जिला मीडिया प्रभारी सजेंद्र श्रीवास्तव ने किया एवं उपस्थित सभी बस्ति के लोगों को धन्यवाद दिया।

## गनेरा हाईस्कूल में छात्राओं को साल के अंत वितरण की गई 54 साईकल

माखन नगर (निप्र)। शासकीय हॉयर सेकंडरी स्कूल गनेरा में मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना के तहत छात्र छात्राओं को 54 साइकिल वितरित की गई । जिसमें मुख्यरूप से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लालन्द यादवए मण्डल अध्यक्ष आरी वीपीन यादवए मण्डल अध्यक्ष माखननगर मनीष चतुर्वेदी, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा युण्मो मण्डल अध्यक्ष संदीप तिवारी तहसीलदार अनिल पटेल संस्था प्राचार्य के.आर. अहिरवार रामसिंह यादव हेमंत यादव, सुन्दरलाल पाल, अशोक यादव, प्रकाश पाल पवन पाल एवं समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## जिला / विकासखण्ड स्तरीय वीर बालदिवस का आयोजन 26 दिसम्बर को

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने प्राचार्य शासकीय कन्या उमावि नर्मदापुरम (जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी), समस्त प्राचार्य पी.एम.श्री. स्कूल जिला नर्मदापुरम, समस्त प्राचार्य सी.एम.राइज जिला नर्मदापुरम एवं समस्त प्राचार्य शास. कन्या उमावि (विकासखण्ड मुख्यालय) को निर्देशित किया है कि लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार जिला / विकासखण्ड स्तरीय वीर बालदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन 26 दिसम्बर को आयोजित कर, इस संबंध में प्राप्त 1 फिल्म का प्रदर्शन विद्यार्थियों को कराया जाना सुनिश्चित करें। फिल्म की जानकारी श्रीमती सुनीता मालवीय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम से प्राप्त की जा सकती है।

# माखन नगर में कांग्रेस ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन

### जिला प्रभारी ने कहा डॉ.भीम राव आंबेडकर का अमित शाह ने अपमान किया

नर्मदापुरम (निप्र)। माखन नगर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने स्थानीय गार्डन में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री जिला प्रभारी सुखदेव पांसे उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय जनतापार्टी के मंत्री अमित शाह ने डॉ बाबा साहब आंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर ब्लॉक स्तर पर आंदोलन किया जाना जरूरी है। कांग्रेस बाबा साहब आंबेडकर का अपमान नहीं सहेगी बीजेपी की दमन कारी नीति को जन जन तक पहुंचाएगी कांग्रेस ने जो देश के लिए बलिदान दिया उसको भुलाया नहीं जा सकता बीजेपी में कोई ऐसा नेता हो जिसने देश में बलिदान दिया उन्होंने कार्यकर्ताओं को संयम प्रेम भाईचारे से रहने हीदायत दी की हमको संगठित होना होगा सम्मेलन में सभी वक्ताओं ने संगठन को कैसे मजबूत करे उसपर विस्तार से अपने विचार रखे सम्मेलन में बाबा साहब आंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पा अर्पित कर कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ किया गया अवसर पर सुखदेव पांस जिला प्रभारी गुड्डन पांडे जिला अध्यक्ष यशवंत राजपूत पूर्व सचिव म प्र कांग्रेस कमेटी गिरजासंकर शर्मा पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष यशवंत राजपूत पूर्व सचिव मध्य कांग्रेस कमेटी बाबू चौधरी किसान कांग्रेस हाकम सिंह जिला पंचायत सदस्य अमृतबिंदु डेरिया विकल्प डेरिया मधुसूदन अग्रवाल संजय अहिरवार राजेंद्र मुराडीया ब्लॉक अध्यक्ष संजय गिल्ला क्कांग्रेस नगर अध्यक्ष माखन नगर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसी ने मनमाना बिजली बिल देने तो किसी ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत जनसुनवाई में की

## जनसुनवाई में कुल 96 आवेदनो पर सुनवाई की गई

नर्मदापुरम (निप्र)। आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए प्रति मंगलवार जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जहां कलेक्टर स्वयं शिकायती आवेदनों एवं समस्याओं का निराकरण करते हैं। इसी क्रम में आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोनिया मीना ने आवेदन पर सुनवाई की एवं सभी आवेदनों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बनखेड़ी के कंछेदी लाल विश्वकर्मा ने कलेक्टर सोनिया मीना के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनका परिवार 80 वर्ष से एक भूमि पर काबिज था और वहां पर कच्चा मकान बनाकर रह रहा था। लेकिन कुछ दिन पूर्व गांव के दबंग लोगों ने कच्चे मकान पर जबरन कब्जा कर लिया एवं जमीन हड़पने की नीयत से मकान को तोड़ दिया। कंछेदी लाल विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें उनकी जमीन दिलाई जाए। वही ग्राम महेंद्रवाडी तहसील माखन नगर के भागचंद साहू ने आवेदन देकर बताया कि उनके पास 5 एचपी का मोटर पंप है लेकिन विद्युत विभाग ने 10 एचपी का बिजली बिल थमा दिया है। भागचंद साहू ने कहा कि वह एक लघु किसान है लेकिन विद्युत विभाग के द्वारा लगाए अधि भार बढ़ने से वह आर्थिक रूप से परेशान है। उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उनके प्रकरण की जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। सेवानिवृत्त माली राधेश्याम चौरे ने बताया कि सेवानिवृत्ति के 1 वर्ष पश्चात भी उनकी ग्रैज्युटी का भुगतान नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि विगत 1 वर्ष से इलाज के लिए नागपुर एवं भोपाल जा रहे हैं जहां पैसे की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने ग्रेज्युटी का भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग की। वही ग्राम कढैया तहसील माखन नगर के मानसिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्हें दो माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही वृद्धावस्था पेंशन दिलाई जाएगी। जनसुनवाई में परमानंद अहिरवार ने जो राय खेड़ी रोड पिपरिया के निवासी हैं, उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के प्लाट पर कब्जा कर लिया गया है। प्लाट पर कब्जा हटाने की मांग की गई है। पार्षद श्रीमती पूजा अर्पित मालवीय ने शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि निर्माण से संबंधित फाइल गुम गई है और नगर पालिका दारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है।

# ई0व्ही0एम वेयर हाउस का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट तवा भवन परिसर में स्थापित ई0व्ही0एम वेयर हाउस का माह दिसम्बर, 2024 के लिये त्रैमासिक निरीक्षण मंगलवार 24 दिसम्बर को दोपहर 01:30 बजे किया गया। जिसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की ओर से मनोहरलाल बडानी, अध्यक्ष (बीजेपी), राजेन्द्र मालवीय (आप), गुड्न पांडे (कांग्रेस), अनोखेलाल राजोरिया (कांग्रेस), फैजान उलहक (कांग्रेस), अनिल रैकवार (कांग्रेस), ओम सेन (कांग्रेस), मधुसूदन यादव (कांग्रेस), गुलाम मुस्तफा (कांग्रेस), रामबाबू बारवे (बीएसपी) एवं दीपक सोलंकी (बीएसपी) उपस्थित हुये। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों के समक्ष वेयरहाउस के कक्षों के ताले खोलकर जनप्रतिनिधियों को कक्षों का निरीक्षण कराया गया एवं कक्षों में रखी गयी ईव्हीएम मशीनों कंट्रोल युनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपीएटी की संख्या से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम, डी0पी0 धुर्वे, सहायक कोषालय अधिकारी नर्मदापुरम, कुबेर सिंह मिर्धा, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम एवं नोडल अधिकारी ईव्हीएम प्रबंधन, कैलाश दुबे, निर्वाचन पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) नर्मदापुरम एवं पंकज दुबे, राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर, जिला नर्मदापुरम उपस्थित हुयें।

### *प्रमोद शर्मा की कृति को साहित्य अकादमी से मिलेगा अनुदान*

*नर्मदापुरम ( निप्र) । वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा की प्रथा कृति उड़ गए दिवस पखेरू को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रथम कृति अनुदान योजना में चयनित किया गया है। इसके लिए साहित्य अकादमी द्वारा अनुदान भी दिया जाएगा। साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे द्वारा जारी वर्ष 2023 और 24 की साहित्यकारों की सूची में उनका नाम शामिल है। ज्ञात रहे कि श्री शर्मा लंबे समय से लेखन कार्य में संलग्न हैं। उनकी यह प्रथम कृति है और यह ग्रामीण परिवेश और उसमें आए बदलाव पर है। इस कृति में बुजुर्गों के अनुभव उनके ज्ञान सहित उस दौर के लोगों के जीवन में रचे बसे प्रकृति प्रेम को समाहित किया गया है। कृति का प्रकाशन शीघ्र होगा।*

# शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में मनाया गया मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व

नर्मदापुरम ( निप्र) । मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के उपलक्ष्य में एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह क्रीडा अधिकारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा गोद ग्राम चतरखेड़ा सिवनी मालवा में वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता और एड्स जागरूकता को लेकर चतरखेड़ा गांव में रैली निकाली गईद्य तनुदीप पालीवाल एवं समूह द्वारा एड्स जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।




नुक्कड़ नाटक के द्वारा एड्स एक गंभीर बीमारी है तथा किस प्रकार एड्स को फैलने से रोका जा सकता है एवं एड्स के रोगियों के प्रति लोगों का किस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए आदि को विस्तार पूर्वक नाटक के द्वारा दर्शाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवकाओं का उत्साह वर्धन करने के लिए महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक संगीता कहार, डॉ नीरज विश्वकर्मा, श्रीमती नीलम शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनामिका यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## *बीजेपी नगर मंडल की प्रथम कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न*

*नर्मदापुरम (निप्र)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मंडल के समस्त बूथों पर अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। अटल जी की सरकार में पोखरण 2 का परीक्षण कारगिल विजय दिवस एनडी की शुरुआत किसान क्रेडिट कार्ड पीएम ग्रामीण सड़क योजना जैसी अनेकों कल्याणकारी योजना ऐतिहासिक रही है।26 दिसंबर को कार्यक्रम जिला प्रभारी चरणजीत सिंह एवं मंडल प्रभारी राहुल पटवा ने बताया कि 9 जनवरी 2022 को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादो के बलिदानी दिवस वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। उसी तारतम्य में मंडल में प्रभात फेरी एवं पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय में साहिबजादों के बलिदान पर बनी फिल्म विद्यार्थियों के साथ देखी जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महला, राजेश अत्रे, बिनु बुधोलिया, रामनरेश चौहान, योगेश सेठा, वंदना दुबे राहुल ठाकुर, वीपी श्रोती, नीरजा फौजदार, ज्योति डहेरिया, विकास राठौड़, ओम राय, मनीष परदेशी, मनीष शर्मा, अर्पित सोनी, लोकेश माधव, कृष्ण चौकसे, आशीष सोनी, स्वदेश दुबे, माया केवट, जय बाला निगम, अखिलेश निगम सहित समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अनुजा मिश्रा एवं आभार श्रीमती हिना अली खान ने किया।*

## पचमढ़ी महोत्सव 2024-25 की तैयारियाँ शुरू आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दिया न्योता



नर्मदापुरम ( निप्र) कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार पचमढ़ी महोत्सव 2024-25 के शुभारंभ की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। महोत्सव का उद्घाटन 26 दिसंबर 2024 को होगा और यह उत्सव नए वर्ष 1 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। इस साल के महोत्सव का प्रमुख आकर्षण कार्निवाल होगा, जो पूरे पचमढ़ी शहर में भ्रमण करेगा और नागरिकों तथा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस विशेष अवसर पर अधिक से अधिक पचमढ़ी के नागरिकों और पर्यटकों को महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल डालकर सभी को महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। महोत्सव के दौरान प्रकृति को करीब से देखने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे पर्यटक पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता और विविधता का अनुभव कर सकेंगे। पचमढ़ी महोत्सव 2024-25 में शामिल होने के लिए सभी नागरिकों और पर्यटकों को आमंत्रित किया गया है।

## निबंध प्रतियोगिता में संभाग भर के महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में को भारतीय ज्ञान परंपरा के आकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विविध परिदृश्य पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में संभाग भर के महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। निर्णायक के रूप में डॉ अमिता जोशीए डॉ आशीष सिंह, डॉ असुन्ता कुजूर ने अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि निबंध लेखन हमें आत्मविश्वास स्वतंत्रता और सोचने की क्षमता प्रदान करता है। निबंध दिए गए विषय के बारे में आपके ज्ञान और समझ को प्रदर्शित करने का एक बेहतर तरीका है। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विविध परिदृश्य विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में आप लोगों का उत्साह प्रशंसनीय एवं सराहनी है। निबंध में सहज सरल और आडंबरहीन ढंग से भावाभिव्यक्ति की जाती है निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय आमला की वैशाली नरवरे, द्वितीय स्थान पर पी.एम.श्री शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के धर्मेंद्र कटारे एवं तृतीय स्थान पर माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखननगर की छात्रा अनुष्का कहार रही। संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता म विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रम की प्रभारी डॉ हर्षा चचाने ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए आप भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर मजबूत तैयारी करें, ताकि आप विजेता सूची में स्थान प्राप्त कर सके।

//जाहिर सूचना//

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम**

सूचित किया जाता है कि बलराम पिता श्री मोतीराम जाट निवासी ग्राम भैंसदेह तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनके भाई स्व. श्री बाबूराम जाट पिता श्री मोतीराम जाट का निधन 12-04-2018 में को हो गया है।

उनके भाई श्री बाबूराम जाट पिता श्री मोतीराम के नाम पर एक वाहन पंजीकृत है जिसका पंजीयन क्रमांक एम पी 05 एजी 3581 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में भाई के नाम पर दर्ज है। जो कि अविवाहित था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसकी मृत्यु के पश्चात उक्त वाहन को मैं बलराम पिता मोतीराम जाट अपने नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहता हूं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी बलराम पिता मोती राम जाट की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**विद्युत विभाग(कर्षण–वितरण शाखा), जबलपुर एन.आई.टी. नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2024–33, दिनांक: 20.12.2024**

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम:** जबलपुर मंडल के घाटपिंडरी स्टेशन पर गुड्स शेड के प्रावधान के लिए टीआरडी ओएचई कार्य।, **कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधि:** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 1,09,75,130.79/–(रुपये एक करोड़ नौ लाख पचहतर हजार एक सौ तीस एवं उनासी पैसे मात्र), **बयाना राशि:** रूपये – 2,04,900.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 17.01.2025 15:00 बजे/17.01.2025 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेवसाईट:** https://www.ireps.gov.in. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www. ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण–वितरण, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

भारत सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 100वीं जन्म जयंती के
अवसर पर



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# ₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली
# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का
# शिलान्यास

तथा

## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण

## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन

## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों
द्वारा

## परियोजनाओं के लाभ

### केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना

- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा। परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना

- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

### अटल ग्राम सुशासन भवन

- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**सी.आर. पाटिल**
केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

## 25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

D-11136/24

आकल्पना : मध्यप्रदेश माध्यम/2024